**97. 'लालची' का संबंध 'उदार' से उसी तरह है जैसे 'प्रतिशोधी' का संबंध '.........' से है।**

(a) प्रतिहिंसक (b) उदासीन
(c) विरोधी (d) करुणाशील

**SSC CPO-SI – 09/12/2019 (Shift-I)**

**Ans.** (d) जिस प्रकार ''लालची'' का संबंध ''उदार'' से उसी प्रकार ''प्रतिशोधी'' का संबंध ''करुणाशील'' से होगा।

**98. जिस प्रकार मधुमेह का संबंध इन्सुलिन से है, उसी प्रकार एनीमिया का संबंध ............. से है–**

(a) हार्मोन (b) आयरन
(c) पानी (d) रक्त

**SSC CGL (Tier-I) – 19/06/2019 (Shift-III)**

**Ans.** (d) जिस प्रकार 'इंसुलिन' की कमी से 'मधुमेह' रोग हो जाता है, उसी प्रकार 'रक्त' की कमी से 'एनीमिया' रोग हो जाता है।

**99. 'पेंसिल' का संबंध 'स्टेशनरी' से उसी प्रकार है जिस प्रकार 'पिलेट्स' का संबंध '______' से है।**

(a) मसालें (b) दालें
(c) व्यायाम (एक्सर्साइज) (d) मेवा (ड्राई फ्रूट)

**SSC CGL (Tier-I) – 13/06/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'पेंसिल' का सम्बन्ध 'स्टेशनरी' से होता है उसी प्रकार 'पिलेट्स' का सम्बन्ध 'शारीरिक व्यायाम' से होता हैं।

**100. जिस प्रकार 'राजनीति विज्ञान' का संबंध 'सामाजिक विज्ञान' से है, उसी प्रकार 'रसायन विज्ञान का संबंध _____ से है।**

(a) तत्व (b) मानविकी
(c) समीकरण (d) विज्ञान

**SSC CGL (Tier-I) – 12/06/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार, 'राजनीति विज्ञान' का संबंध 'समाज' अर्थात् 'सामाजिक विज्ञान' से है, उसी प्रकार 'रसायन विज्ञान' का संबंध 'विज्ञान' से है।

**101. जिस प्रकार हृदय का सम्बन्ध रक्त परिसंचरण से है, उसी प्रकार वृक्क का सम्बन्ध----से है।**

(a) ऊर्जा निर्माण
(b) प्रजनन
(c) उत्सर्जन
(d) श्वसन

**SSC CGL (Tier-I) – 13/06/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'हृदय', रक्त का 'परिसंचरण' करता है; उसी प्रकार, किडनी (वृक्क), उत्सर्जन का कार्य करती है।

**102. जिस प्रकार 'मूल्यवान' का संबंध 'कीमती' से है, उसी प्रकार 'सूखा' का संबंध .......... से है–**

(a) नम (b) खेत
(c) निर्जल (d) खुरदरा

**SSC CGL (Tier-I) – 12/06/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार मूल्यवान का पर्यायवाची कीमती होता है, उसी प्रकार सूखा का पर्यायवाची 'निर्जल' (जल रहित) होगा।

**103. जिस प्रकार 'समानता' का संबंध 'अंतर' से है उसी प्रकार 'पारदर्शी' का संबंध ________ से है।**

(a) साफ (b) झील
(c) गंदा (d) जल

**SSC CGL (Tier-I) – 12/06/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'समानता' का विपरीतार्थी शब्द 'अंतर' होता है, उसी प्रकार 'पारदर्शी' का विपरीतार्थी शब्द 'गंदा' होता है।

**104. जिस प्रकार 'इन्सुलिन' का संबंध 'हॉर्मोन' से है उसी प्रकार 'पेप्सिन' का संबंध __________ से है।**

(a) विटामिन (b) पाचन
(c) एन्जाइम (d) पेट

**SSC CGL (Tier-I) – 11/06/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'इंसुलिन' एक 'हार्मोन' है उसी प्रकार 'पेप्सिन' एक 'एन्जाइम' है।

**105. जिस प्रकार 'मृग' का संबंध 'मृगी' से है उसी प्रकार 'सांड' का संबंध ............... से है।**

(a) गाय (b) लोमड़ी
(c) घोड़ी (d) बैल

**SSC CGL (Tier-I) – 11/06/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'मृग' का स्त्रीलिंग 'मृगी' होता है। उसी प्रकार 'सांड' का संबंध 'गाय' से है क्योंकि 'सांड' का स्त्रीलिंग 'गाय' होता है।

**106. जिस प्रकार 'जिओलॉजी' का संबंध 'चट्टानों' से उसी प्रकार 'साइटोलॉजी' का संबंध '____' से है।**

(a) जीवन (b) कोशिकाएं
(c) पौधे (d) जीव

**SSC CGL (Tier-I) – 10/06/2019 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'जिओलॉजी' का संबंध चट्टानों से है, उसी प्रकार 'साइटोलॉजी' का संबंध कोशिकाओं से है।

**107. जिस तरह 'चीन' का संबंध ''यूआन'' से है, उसी तरह 'जापान' का संबंध _________ से है।**

(a) येन (b) लीरा
(c) सुशी (d) रैण्ड

**SSC CGL (Tier-I) – 10/06/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार चीन की मुद्रा 'युआन' है उसी प्रकार जापान की मुद्रा 'येन' है।

**108. जिस प्रकार 'टूट' का संबंध 'एकता' से है, उसी तरह 'सुधार' का संबंध_________से है।**

(a) सिलाई (b) असुविधा
(c) क्षति (d) खुरदुरा

**SSC CGL (Tier-I) – 07/06/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c)** जिस प्रकार 'टूट' का विपरीत 'एकता' है। उसी प्रकार 'सुधार' का विपरीत 'क्षति' है।

**109. जिस प्रकार 'अध्ययन' का संबंध 'ज्ञान' से है उसी प्रकार 'कार्य' का संबंध '...........' से है–**

(a) रोजगार (b) प्रशिक्षण
(c) वेतन (d) अनुभव

**SSC CGL (Tier-I) – 07/06/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'अध्ययन' करने से 'ज्ञान' मिलता है, उसी प्रकार 'कार्य' करने से अनुभव मिलता है।

**110. जिस प्रकार 'सिनेमा' का संबंध 'दर्शकगण' से है उसी प्रकार 'चर्च' का संबंध '______' से है।**

(a) एकाग्रता (b) समागम
(c) प्रार्थना (d) ध्यान

**SSC CGL (Tier-I) – 06/06/2019 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'सिनेमा' को 'दर्शकगण' एक साथ बैठकर देखते हैं उसी प्रकार 'चर्च' में एक साथ बैठकर 'समागम' किया जाता है।

**111. जिस प्रकार 'फैसला' का संबंध 'सुनाना' से है उसी प्रकार 'नियम' का संबंध '..........' से है।**

(a) अनुपालन करना (b) पेश करना
(c) कार्यान्वित करना (d) मानना

**SSC CGL (Tier-I) – 07/06/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार फैसले (Judgement) को सुनाया (Deliver) जाता है, उसी प्रकार नियम (Rule) को कार्यान्वित (Implement) किया जाता है।

**112. जिस प्रकार 'गूंगापन' 'बोलने' से संबंधित है उसी प्रकार ......... 'स्मृति' से संबंधित है–**

(a) स्मृतिलोप (b) सोच विचार
(c) पहचान (d) भ्रम

**SSC CGL (Tier-I) – 06/06/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'गूंगापन' बोलने से सम्बन्धित है उसी प्रकार 'स्मृतिलोप' 'स्मृति' से सम्बन्धित है।

**113. जिस प्रकार 'अधिवक्ता' का संबंध 'न्याय' से है उसी प्रकार 'मध्यस्थ' का संबंध ______ से है।**

(a) समझौता (b) अन्याय
(c) संचार (d) निर्णय

**SSC CGL (Tier-I) – 04/06/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'अधिवक्ता' 'न्याय' दिलाने में सहयोग करता है, उसी प्रकार 'मध्यस्थ' 'समझौता' कराता है।

**114. जिस प्रकार 'कमरे' का संबंध 'छत' से है उसी प्रकार 'मुँह का संबंध' ......... से है–**

(a) गला (b) दाँत
(c) होठ (d) तालु

**SSC CGL (Tier-I) – 06/06/2019 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार कमरे का ऊपरी भाग 'छत' से ढका होता है, उसी प्रकार 'मुँह' का ऊपरी भाग 'तालु' से ढका होता है।

**115. जिस प्रकार 'क्रिया' का संबंध 'प्रतिक्रिया' से है उसी प्रकार 'उकसाना' ........ से संबंधित है–**

(a) दूरदृष्टि (b) प्रतिपुष्टि
(c) अनुक्रिया (d) स्वागत

**SSC CGL (Tier-I) – 04/06/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'क्रिया' का विपरीत 'प्रतिक्रिया' होती है, उसी प्रकार 'उकसाना' का विपरीत 'अनुक्रिया' होती है।

**116. 'पासा', 'घन' से उसी तरह से संबंधित है जैसे कि 'गेंद', .......... से संबंधित है।**

(a) गोला (b) शंकु
(c) रेखा (d) घन

**SSC CHSL (Tier-I) –11/07/2019 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'पासा' घनाकार होता है, उसी प्रकार 'गेंद' गोलाकार होती है।

**117. 'रेटिना' 'आँख' से उसी तरह संबंधित है जैसे 'हाइड्रोजन' '..........' से संबंधित है।**

(a) आयोडीन (b) कान
(c) पैर (d) पानी

**SSC CHSL (Tier-I) –11/07/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'रेटिना', 'आँख' का एक प्रमुख भाग है, उसी प्रकार 'हाइड्रोजन', 'पानी' का एक प्रमुख भाग है।

**118. 'पुरुष' का संबंध 'भीड़ से उसी तरह है जैसे 'छात्र' का संबंध ______ से है।**

(a) कक्षा (b) टोली
(c) सिनेमा (d) परिवार

**SSC CHSL (Tier-I) –10/07/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'भीड़' में पुरुष भी होते हैं उसी प्रकार 'कक्षा' में 'छात्र' भी होते हैं।

**119. सूरजमुखी का संबंध 'पीला' से उसी तरह है जैसे रक्त का संबंध '--------' से है-**

(a) जानवर या पशु (b) लाल
(c) लोहा (d) मनुष्य

**SSC CHSL (Tier-I) –09/07/2019 (Shift-II)**

**Ans. (b):** जिस प्रकार सूरजमुखी (Sunflower) का रंग पीला (Yellow) होता है, उसी प्रकार रक्त (Blood) का रंग लाल (Red) होता है।

**120. 'पीड़ा' का संबंध 'तेज पीड़ा' से उसी तरह है जैसे 'क्रोध' का संबंध ......... से है–**

(a) भव्यता (b) कड़वाहट
(c) परमानंद (d) क्रोधित

**SSC CHSL (Tier-I) –09/07/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'पीड़ा' और 'तेज पीड़ा' एक दूसरे के समानार्थी शब्द है उसी प्रकार 'क्रोध' का समानार्थी शब्द 'क्रोधित' होगा।

**121. 'इथियोपिया' का 'अफ्रीका' से वही संबंध है, जो 'ब्राजील' का '-------' से है।**

(a) ब्रासीलिया (b) दक्षिण अमेरिका
(c) अफ्रीका (d) उत्तरी अमेरिका

**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 09/03/2020 (Shift-I)**

**Ans. (b)** जिस प्रकार इथियोपिया अफ्रीका महाद्वीप में है उसी प्रकार ब्राजील दक्षिण अमेरिका महाद्वीप में है।

**122. 'हार्ट' का संबंध 'परिसंचरण' से उसी तरह है जैसे 'फेफड़ों' का संबंध '______' से है।**

(a) पसलियाँ (b) श्वसन
(c) उत्सर्जन (d) ऑक्सीजन

**SSC CHSL (Tier-I) –08/07/2019 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'हृदय' (हार्ट) में रक्त का परिसंचरण होता है, उसी प्रकार 'फेफड़ों' में 'श्वसन' क्रिया सम्पन्न होती है।

**123. 'फोटोशॉप' का 'सॉफ्टवेयर' से वही संबंध है, जो ऑप्टिकल माउस' का '............' से है।**

(a) टच-स्क्रीन (b) हार्डवेयर
(c) हार्ड-डिस्क (d) मैलवेयर

**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 09/03/2020 (Shift-II)**

**Ans. (b)** साफ्टवेयर को हम छू नहीं सकते हैं। अत: फोटोशाप एक साफ्टवेयर है। इसी प्रकार आप्टिकल माउस एक हार्डवेयर है।

**124. 'परिवार' का 'पालन-पोषण' से वही संबंध है, जो 'विद्यालय' का '-------' से है।**

(a) बच्चे (b) शिक्षा
(c) पाठ्यक्रम (d) माता-पिता

**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 09/03/2020 (Shift-III)**

**Ans. (b)** जिस प्रकार किसी बच्चे का पालन-पोषण परिवार में होता है उसी प्रकार बच्चे की शिक्षा विद्यालय में होती है

**125. 'मधुमेह' का 'रक्त शर्करा' से वही संबंध है, जो 'उच्चरक्तचाप' का '...........' से है।**

(a) रक्तचाप
(b) हृदय
(c) शरीर की कोशिकाओं
(d) लाल रक्त कोशिकाओं

**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 07/03/2020 (Shift-II)**

**Ans. (a)** जिस प्रकार रक्त शर्करा के बढ़ने से मधुमेह बढ़ जाता है, उसी प्रकार रक्तचाप के बढ़ने से उच्चरक्त चाप बढ़ जाता है।

**126. 'बांग्लादेश' का 'ढाका' से जो संबंध है, वही संबंध 'पाकिस्तान' का ........... से है।**

(a) करांची (b) मुल्तान
(c) लाहौर (d) इस्लामाबाद

**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 07/03/2020 (Shift-III)**

**Ans. (d)** जिस प्रकार ढाका, 'बांग्लादेश' की राजधानी है, उसी प्रकार इस्लामाबाद, 'पाकिस्तान' की राजधानी है।

**127. जिस प्रकार 'खगोल विज्ञान' तारों से सम्बन्धित है उसी प्रकार 'कृषि विज्ञान' सम्बन्धित है-**

(a) भावना (b) ग्रह
(c) फसल (d) खान

**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 06/03/2020 (Shift-I)**

**Ans. (c)** खगोल विज्ञान में तारों का अध्ययन करते हैं जबकि कृषि विज्ञान में फसलों का अध्ययन करते हैं।

**128. 'आकार' का 'मध्यम' से वही संबंध है, जो 'आकृति' का '..............' से है।**

(a) रंग (b) वस्तु
(c) कोना (d) अंडाकार

**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 06/03/2020 (Shift-III)**

**Ans. (d)** जिस प्रकार आकार मध्यम हो सकता है उसी प्रकार आकृति अंडाकार हो सकती है।

**129. 'कशेरुकी' का 'बंदर' से जो संबंध है वही संबंध 'अकशेरुकी' का '..............' से है।**

(a) स्टारफिश (b) मेंढक
(c) हिरण (d) साँप

**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 05/03/2020 (Shift-II)**

**Ans. (a)** जिस प्रकार कशेरुकी का संबंध बंदर से है उसी प्रकार अकशेरुकी का संबंध स्टारफिश से है।

**130. 'अंगूर' का 'फल' से वही संबंध है जो 'काली मिर्च' का '.............' से है।**

(a) मेवे (b) दालों
(c) अनाज (d) मसाले

**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 04/03/2020 (Shift-II)**

**Ans. (d)** जिस प्रकार अंगूर फल होता है उसी प्रकार काली मिर्च मसाले की श्रेणी में आता है।

**131. छिपकली का सम्बन्ध सरीसृप से वैसे ही जैसे मेंढक का सम्बन्ध ........... से है।**

(a) सरीसृप (b) उभयचर
(c) स्तनधारी (d) कशेरुकी

**SSC CHSL (Tier-I) –09/07/2019 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार छिपकली सरीसृप वर्ग में आते है, उसी प्रकार मेंढक उभयचर वर्ग में आते हैं।

**132. 'गेहूं' का 'ब्रेड' से जो संबंध है, वही संबंध 'गन्ने' का '...........' से है।**

(a) घास (b) चटनी
(c) गुड़ (d) मेयोनेज़

**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 04/03/2020 (Shift-III)**

**Ans. (c)** जिस प्रकार गेहूँ से ब्रेड बनाया जाता है उसी प्रकार गन्ने से गुड़ बनाया जाता है।

**133. 'हृदय रोग विशेषज्ञ' का 'हृदय' से वही संबंध है, जो 'स्नायु रोग विशेषज्ञ' का '...........' से है।**
(a) फेफड़ों (b) दाँत
(c) कान (d) मस्तिष्क
**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 03/03/2020 (Shift-II)**

**Ans. (d)** जिस प्रकार हृदय संबंधित बीमारियों का उपचार हृदय रोग विशेषज्ञ करते हैं उसी प्रकार मस्तिष्क संबंधी बीमारियों का उपचार स्नायु रोग विशेषज्ञ (Neurologists) करते हैं।

**134. जिस प्रकार 'पेय पदार्थ' चाय से सम्बन्धित है उसी प्रकार 'दवा' सम्बन्धित है-**
(a) पीड़ानाशक (b) बीमारी
(c) चिकित्सक (d) अस्पताल
**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 03/03/2020 (Shift-III)**

**Ans. (a)** जिस प्रकार पेय पदार्थ के अन्तर्गत चाय शामिल है उसी प्रकार दवा के अन्तर्गत पीड़ानाशक दवाएँ भी शामिल है।

**135. जो संबंध 'पाइथागोरस' का 'ज्यामिति' से है, वही संबंध 'केप्लर' का '_______' से है।**
(a) भूगोल (b) प्रकाशिकी
(c) खगोलशास्त्र (d) इलेक्ट्रॉनिकी
**SSC CHSL 12/10/2020 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'पाइथागोरस' का प्रमेय 'ज्यामिति' में प्रयोग किया जाता है, उसी प्रकार 'केप्लर' का नियम 'खगोलशास्त्र' में प्रयोग किया जाता है।

**136. 'मानव-जाति' 'स्तनधारियों' से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार 'सांप' '..........' से संबंधित है।**
(a) सरीसृप (b) उभयचर
(c) अकशेरुकी (d) स्तनधारी
**SSC CHSL 13/10/2020 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'मानव-जाति', को 'स्तनधारियों' के अन्तर्गत रखा जाता है उसी प्रकार 'सांप' को 'सरीसृप' के अन्तर्गत रखा जाता है। अत: विकल्प (a) सही होगा।

**137. 'नागालैंड', 'कोहिमा' से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार 'असम', '_______' से संबंधित है।**
(a) दिसपुर (b) असमिया
(c) ईटानगर (d) कोंकणी
**SSC CHSL 13/10/2020 (Shift-II)**

**Ans. (a)** जिस प्रकार, 'नागालैंड' की राजधानी 'कोहिमा' है उसी प्रकार, 'असम' की राजधानी 'दिसपुर' है।

**138. 'घर' का 'नींव' से वही संबंध है, जो 'पेड़' का '____' से।**
(a) मिट्टी (b) जड़
(c) तना (d) शाखा
**SSC CHSL 19/10/2020 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार, घर निर्माण के लिए पहले उसकी 'नींव' खड़ी की जाती है, उसी प्रकार किसी 'पेड़' के निर्माण के लिए उसकी 'जड़' का होना आवश्यक होता है। अत: विकल्प (b) सही है।

**139. 'अधिवक्ता', 'क्लाइंट' से उसी तरह सम्बन्धित है जैसे 'डॉक्टर', '................' से सम्बन्धित है –**
(a) उपचार (b) रोगी
(c) बीमारी (d) नर्स
**SSC CHSL 19/10/2020 (Shift-II)**

**Ans. (b):** जिस प्रकार 'अधिवक्ता' का सम्बंध 'क्लाइंट' से है, उसी प्रकार 'डाक्टर' का सम्बंध 'रोगी' से है।

**140. 'रक्त-अल्पता' का 'रक्त' से वही संबंध है जो 'हेपेटाइटिस' का '_________' से है।**
(a) विषाणु जनित (b) यकृत
(c) विष (d) सूजन
**SSC CHSL 19/10/2020 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार शरीर में 'रक्त' की कमी हो जाने से 'रक्त-अल्पता' की बीमारी हो जाती है। उसी प्रकार शरीर में 'यकृत' वाले भाग में सूजन हो जाने से 'हेपेटाइटिस' नामक बीमारी हो जाती है। अत: विकल्प (b) सही है।

**141. जो संबंध 'फिल्म' का 'अभिनेता' से है, वही 'पत्रिका' का '________' से हैं।**
(a) गायक (b) प्रकाशक
(c) लेखक (d) विक्रेता
**SSC CHSL 26/10/2020 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'फिल्म' में 'अभिनेता' अभिनय करता है उसी प्रकार 'पत्रिका' को लेखक लिखता है।

**142. 'अंपायर' का 'पिच' से वही संबंध है जो 'मेकेनिक' का '_____' से है।**
(a) गैराज (b) मशीन
(c) मरम्मत (d) पान (स्पैनर)
**SSC CHSL 15/10/2020 (Shift-I)**

**Ans. (a)** जिस प्रकार 'पिच' का सम्बन्ध 'अंपायर' से है।
उसी प्रकार 'मैकेनिक' का सम्बन्ध 'गैराज' से है।

**143. 'पर्दा', 'कपड़ा' से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार 'आभूषण' '_______' से संबंधित है।**
(a) बहुमूल्य (b) सौंदर्य
(c) स्वर्णकार (d) स्वर्ण
**SSC CHSL 15/10/2020 (Shift-III)**

**Ans. (d)** जिस प्रकार 'कपड़ा' से 'पर्दा' बनाया जाता है। उसी प्रकार 'स्वर्ण' से 'आभूषण' बनाया जाता है।

**144. 'पेड़' का 'आम' से वही संबंध है जो 'बेल' का '_______' से है।**
(a) अंगूर (b) संतरा
(c) केला (d) अमरूद
**SSC CHSL 16/10/2020 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'पेड़' पर 'आम' फलता है, उसी प्रकार 'बेल (लता)' पर 'अंगूर' फलता है।

**145. जो संबंध 'निकट दृष्टि दोष' का 'आँख' से है, वही 'पायरिया' का '________' से हैं।**
(a) मसूड़े (b) फेफड़ा
(c) अमाशय (d) मस्तिष्क
**SSC CHSL 20/10/2020 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'निकट दृष्टि दोष', 'आँख' से सम्बन्धित एक बीमारी है उसी प्रकार 'पायरिया', 'मसूड़े' से सम्बन्धित एक बीमारी है।

**146. जिस प्रकार जादूगर का सम्बंध जादू से है। उसी प्रकार जोकर का सम्बंध किससे है।**

(a) गेंद (b) चलचित्र

(c) कॉमेडी (d) मंच

**SSC MTS 13/08/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार, 'जादूगर', 'जादू' दिखाता है उसी प्रकार 'जोकर', 'कॉमेडी' करता है। अत: विकल्प (c) है।

**147. 'फर्नीचर' शब्द 'बढ़ई' से उसी तरह संबंधित है जैसे 'वस्त्र' '_______' से संबंधित है।**

(a) कसाई (b) मोची

(c) दर्जी (d) लौहार

**SSC MTS 13/08/2019 (Shift-I)**

**Ans.** (c) जिस प्रकार, 'फर्नीचर' बनाने का कार्य 'बढ़ई' करते हैं, उसी प्रकार, 'वस्त्र' बनाने का कार्य 'दर्जी' करते हैं।

**148. 'मोमबत्ती' शब्द 'बाती' से उसी तरह संबंधित है जिस तरह 'पेन' '________' से संबंधित है।**

(a) पेंसिल (b) निब

(c) दवात (d) प्रकाश

**SSC MTS 13/08/2019 (Shift-I)**

**Ans.** (b) जिस प्रकार, 'मोमबत्ती' में 'बाती' का प्रयोग होता है उसी प्रकार, 'पेन' में 'निब' का प्रयोग होता है।

**149. जिस प्रकार 'झारखण्ड' 'राज्य' से सम्बन्धित है उसी प्रकार 'लक्षद्वीप' सम्बन्धित है?**

(a) पंजाब (b) यूनियन क्षेत्र

(c) रांची (d) जिला

**SSC MTS 13/08/2019 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'झारखण्ड' भारत का एक 'राज्य' है उसी प्रकार 'लक्षद्वीप' भारत का एक 'केन्द्रशासित प्रदेश' है।

**150. नागालैण्ड का सम्बंध राज्य से है, उसी प्रकार दक्षिण अमेरिका का सम्बंध किससे है।**

(a) महाद्वीप (b) भूमि

(c) देश (d) राजधानी

**SSC MTS 14/08/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'नागालैण्ड' भारत का एक 'राज्य' है, उसी प्रकार 'दक्षिण अमेरिका' एक 'महाद्वीप' है।

**151. 'रचनात्मक' का 'अभिनव' से वही संबंध है, जो 'स्पष्ट' का '_______' से है।**

(a) अस्पष्ट (b) पारदर्शी

(c) सहज (d) आवृत

**SSC MTS 14/08/2019 (Shift-I)**

**Ans.** (b) जिस प्रकार, 'रचनात्मक' का सम्बन्ध 'अभिनव' से है उसी प्रकार, 'स्पष्ट' का सम्बन्ध 'पारदर्शी' से है।

**152. 'स्कूल' उसी तरह 'अध्ययन' से सम्बन्धित है जिस प्रकार '_____' से 'रेस्तरां' से सम्बन्धित है।**

(a) जल (b) खाना

(c) सब्जियाँ (d) सारणी

**SSC MTS 14/08/2019 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार,
'स्कूल' का सम्बन्ध 'अध्ययन' करने से है क्योंकि स्कूल में विद्यार्थी अध्ययन करता है
उसी प्रकार, रेस्टोरेन्ट में व्यक्ति खाना खाने जाते है। 'रेस्टोरेन्ट' का सम्बन्ध खाना से है।
अत: विकल्प (b) है।

**153. 'शेर' का संबंध 'शावक' से उसी तरह है जैसे 'गाय' का संबंध .........**

(a) बछड़ा

(b) मेमना

(c) घोड़े का बच्चा

(d) कंगारू का बच्चा

**SSC MTS 19/08/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार, शेर का बच्चा 'शावक' होता है। उसी प्रकार, गाय का बच्चा 'बछड़ा' होता है। अत: विकल्प (a) सही है।

**154. जिस प्रकार 'रबर', 'स्टेशनरी' से सम्बन्धित है, उसी प्रकार 'तश्तरी' सम्बन्धित है '______'।**

(a) फुटबाल (b) टेबल

(c) चाय (d) चीनी मिट्टी के बर्तन

**SSC MTS 19/08/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'रबर', 'स्टेशनरी' से सम्बन्धित है उसी प्रकार, 'सॉसर/तश्तरी', 'चीनी मिट्टी के बर्तन' से सम्बन्धित है।

**155. 'मवेशी' शब्द 'झुंड' से उसी तरह संबंधित है जैसे 'खिलाड़ी' '___' से संबंधित है।**

(a) टीम (b) टूर्नामेंट

(c) गैंग (d) मेडल

**SSC MTS 20/08/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार, 'मवेशियों' के समूह को 'झुण्ड' कहते हैं उसी प्रकार, 'खिलाड़ियों' के समूह को 'टीम' कहते है।

**156. जिस प्रकार 'मछली' का सम्बन्ध 'झुण्ड' से उसी प्रकार है 'चिड़िया' का सम्बन्ध '______' है।**

(a) सेना (b) संसद

(c) दीक्षांत समारोह (d) झुण्ड

**SSC MTS 22/08/2019 (Shift-I)**

**Ans.** (d) जिस प्रकार, 'मछली' का सम्बन्ध 'झुण्ड' से है उसी प्रकार, 'चिड़िया' का सम्बन्ध 'झुण्ड' से होगा। अत: विकल्प (d) सही है।

**157. 'बीजगणित' जिस प्रकार 'गणित' से सम्बन्धित है, उसी प्रकार 'प्रकाश विज्ञान' '_______' से सम्बन्धित है।**

(a) भूगोल (b) विद्युतकीय

(c) जीवविज्ञान (d) भौतिकी

**SSC CHSL 15/10/2020 (Shift-II)**

**Ans.** (d) जिस प्रकार, 'बीजगणित' का सम्बन्ध 'गणित' से है। उसी प्रकार, 'प्रकाश विज्ञान' का सम्बन्ध 'भौतिकी' से है।

## Type-II अर्थपूर्ण-शब्द पर आधारित प्रश्न

**158. उस विकल्प को चुनिए जो तीसरे शब्द से ठीक उसी तरह संबंधित है जिस तरह दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**शिशु हत्या : शिशु :: पितृहत्या : ?**

(a) पति (b) माँ
(c) पत्नी (d) पिता

**SSC MTS 19/05/2023 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'शिशु हत्या' का अर्थ होता है कि 'शिशु' की हत्या ठीक उसी प्रकार 'पितृहत्या' का अर्थ होता है कि **पिता** की हत्या।

**159. उस विकल्प को चुनिए जो तीसरे शब्द से ठीक उसी तरह संबंधित है जिस तरह दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**भालू : गुर्राना :: हाथी : ?**

(a) दहाड़ना (b) फुफकारना
(c) रेंकना (d) चिंघाड़ना

**SSC MTS 18/05/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'भालू' का संबंध 'गुर्राना' से है ठीक उसी प्रकार 'हाथी' का संबंध **'चिंघाड़ना'** से है।

**160. उस विकल्प का चयन कीजिए, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होना चाहिए।)**

**मिट्टी : मिट्टी के बर्तन :: रेत : ?**

(a) क्रिस्टल (b) पेपर
(c) कांच (d) समुद्र का किनारा

**SSC JE Civil 11/10/2023 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'मिट्टी के बर्तन', मिट्टी से बनते हैं उसी प्रकार काँच, रेत से बनता है।

**161. उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**
**(शब्दों को अर्थपूर्ण हिंदी शब्दों के रूप में जाना जाना चाहिए और शब्द में अक्षरों/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर वे एक दूसरे से संबंधित नहीं किए जाने चाहिए।)**

**डर : भय : : हर्ष : ?**

(a) शांति (b) आनंद
(c) उदासी (d) शांत

**SSC Selection Posts XI-28/06/2023 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार, डर का समानार्थी 'भय' है, उसी प्रकार 'हर्ष' का समानार्थी 'आनन्द' होगा।

**162. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। (शब्दों को सार्थक शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और शब्द, उनमें अक्षरों की संख्या/व्यंजन/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होना चाहिए)**

**लुटेरे : गिरोह :: खिलाड़ी : ?**

(a) खेल (b) समूह
(c) टीम (d) मैदान

**SSC JE Civil 11/10/2023 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार लुटेरों के मिलने से गिरोह बनता है उसी प्रकार खिलाड़ियों के मिलने से टीम बनती है।

**163. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबधित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए, और शब्द, उनमें अक्षरों की संख्या/ व्यंजन/ स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होने चाहिए।)**

**चालक दल : नाविक :: सेना : ?**

(a) सैनिक (b) पुलिस
(c) युद्धभूमि (d) युद्ध

**SSC JE Civil 09/10/2023 (Shift-I)**

**Ans. (a)** नाविकों के समूह को चालक दल कहा जाता है, उसी प्रकार सैनिको के समूह को सेना कहा जाता है। अतः विकल्प (a) सही है।

**164. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। (शब्दों को सार्थक शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए, और शब्द, उनमें अक्षरों की संख्या/ व्यंजन/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होना चाहिए।)**

**दूरबीन : देखना :: चम्मच : ?**

(a) कांटा (b) भोजन
(c) खिलाना (d) बर्तन

**SSC JE Mechanical 09/10/2023 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार, 'दूरबीन' से देखने का कार्य किया जाता है उसी प्रकार चम्मच से खाना खाने या खिलाने का कार्य किया जाता है।

**165. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए, और शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजन/ स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होना चाहिए)**

**गुड़ : गन्ना :: कपड़ा : ?**

(a) सूत (b) कपड़ा
(c) सूट (d) दर्जी

**SSC JE Mechanical 09/10/2023 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार गुड़ को गन्ने से बनाया जाता है उसी प्रकार कपड़ा को 'सूत' से बनाया जाता है। अतः विकल्प (a) सही है।

**166. उस विकल्प का चयन कीजिए, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण अंग्रेजी शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए, और शब्द, उनमें अक्षरों/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होने चाहिए।)**

**भेड़: मेमना :: हिरण ::?**

(a) बच्चा (b) मृग छौना
(c) कोल्ट (d) सिग्नेट

**SSC JE Civil 10/10/2023 (Shift-I)**

**Ans. (b):** जिस प्रकार, भेड़ (Sheep) के बच्चे को मेमना (Lamb) कहा जाता है उसी प्रकार, हिरण (Deer) के बच्चे को 'मृग छौना (Fawn)' कहा जाता है।

**167. उस विकल्प का चयन कीजिए, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण अंग्रेजी शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और शब्द, उनमें अक्षरों की संख्या/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होने चाहिए।)**

**लम्बाई : ऊँचाई :: मोटाई : ?**

(a) वजन (b) आयतन
(c) चौड़ाई (d) विमा

**SSC JE Civil 10/10/2023 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार, Length (लंबाई) का संबंध Height (ऊँचाई) से है उसी प्रकार, Breadth (मोटाई) का संबंध Width (चौड़ाई) से है।

**168. उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है (शब्दों को अर्थपूर्ण हिंदी शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और शब्द में अक्षरों/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं किया जाना चाहिए)**

**पक्षीः ऑर्निथोलॉजीः पौधाः...........**

(a) बॉटनी (b) भौतिक विज्ञान
(c) रसायन विज्ञान (d) पेड़

**SSC JE Civil 09/10/2023 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार पक्षियों का अध्ययन आर्निथोलॉजी (पक्षी विज्ञान) के अंतर्गत किया जाता है, उसी प्रकार वनस्पतियों का अध्ययन बॉटनी (वनस्पति विज्ञान) के अंतर्गत किया जाता है। अतः स्पष्ट है कि विकल्प (a) सही है।

**169.** भीड़ : सघन :: ढ़ाल

(a) मैदान (b) कठिन
(c) ढ़लान (d) रिक्त

**SSC CGL Mains 26/10/2023 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार भीड़ शब्द का पर्याय शब्द सघन है उसी प्रकार ढ़ल शब्द का पर्याय शब्द ढ़लान होगा।

**170. उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। ( शब्दों को अर्थपूर्ण हिंदी शब्दों के रूप में माना जाता चाहिए और शब्द मे अक्षरों की संख्या/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर वे एक-दूसरे से संबंधित नहीं होने चाहिए। )**

**ऑमलेट : अंडा :: सड़क : ?**

(a) फ्लैक्स (b) डामर
(c) लैटेक्स (d) अयस्क

**SSC Selection Posts XI-27/06/2023 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार ऑमलेट का सम्बन्ध 'अंडा' से है । उसी प्रकार सड़क का सम्बन्ध 'डॉमर' से है। अतः विकल्प (b) अभीष्ट उत्तर है।

**171. उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। ( शब्दों को अर्थपूर्ण हिंदी शब्दों के रूप में माना जाता चाहिए और शब्द मे अक्षरों की संख्या/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर वे एक-दूसरे से संबंधित नहीं होने चाहिए। )**

**कोरियोग्राफर : नृत्यनाटिका :: नाटककार : ?**

(a) गीत-रचना (b) नाटक
(c) चलचित्र (d) रूप-रेखा

**SSC Selection Posts XI-27/06/2023 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार ' कोरियोग्राफर' का सम्बध 'नृत्यनाटिका'(Ballet) से है। उसी प्रकार 'नाटककार' का सम्बध 'नाटक' (Play) से है।

**172. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। ( शब्दों को अर्थपूर्ण शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए, और शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजनों/ स्वरों की संख्या के आधार पर एक-दूसरे से संबंधित नहीं होना चाहिए। )**

**स्याही : कलम :: रंग : ?**

(a) स्केच (b) कला
(c) ब्रश (d) कागज

**SSC JE Mechanical 11/10/2023 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकर 'स्याही' का संबंध 'कलम' से है उसी प्रकार 'रंग' का संबंध 'ब्रश' से होगा।

**173. उस विकल्प का चयन कीजिए, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए, और शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होना चाहिए।)**

**बोल : गाना :: छंद :?**

(a) कविता (b) साहित्य
(c) निबंध (d) अंग्रेजी

**SSC JE Civil 09/10/2023 (Shift-I)**

**Ans. (a):** जिस प्रकार बोल (लिरिक) गाना से संबंधित है। उसी प्रकार छंद, कविता से संबंधित है। बोल (लिरिक) गाने की मधुरता को बढ़ाते हैं। ठीक उसी प्रकार छंद भी काव्य/कविता की सुंदरता को बढ़ाते है।

**174. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जैसे दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण हिंदी शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और शब्द आपस में अक्षरों की संख्या/व्यंजन/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होने चाहिए।)**

**उत्साह : संकोच :: अनिष्ठकर : ?**

(a) विनाशकारी (b) हानिरहित
(c) घातक (d) लाभदायक

**SSC Selection Post Phase-XI 30/06/2023 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार उत्साह का विलोम शब्द संकोच है उसी प्रकार अनिष्ठकर का विलोम शब्द हानिरहित होगा।

**175. उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका तीसरे शब्द से ठीक वही संबंध है, जो संबंध दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**(शब्दों को अर्थपूर्ण हिंदी शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और शब्द में अक्षरों/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर वे एक दूसरे से संबंधित नहीं किए जाने चाहिए।)**

**बहिर्मुखी : अंतर्मुखी :: धार्मिक : ?**

(a) आशावादी (b) नास्तिक
(c) निराशावादी (d) आत्ममुग्ध

**SSC Selection Post Phase-XI 30/06/2023 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार बहिर्मुखी का विलोम शब्द अंतर्मुखी है, उसी प्रकार 'धार्मिक' का विलोम शब्द 'नास्तिक' होगा।

**176. उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**(शब्दों को अर्थपूर्ण हिंदी शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और शब्द में अक्षरों/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर वे एक दूसरे से संबंधित नहीं किए जाने चाहिए।)**

**कुर्सी : स्टूल :: जीना (लैडर) : ?**

(a) शैल्फ (b) मेज
(c) सीढ़ी (d) अलमारी

**SSC Selection Post Phase-XI 30/06/2023 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार कुर्सी के साथ पीछे आधार लगा होता है जबकि स्टूल के पास कोई आधार नहीं होता है। उसी प्रकार 'जीना' घर के आधार से जुड़कर पक्की सीढ़ी का निर्माण होता है जबकि 'सीढ़ी' बिना आधार के होती है।

**177. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसका तीसरे शब्द से ठीक वही संबंध है जो संबंध दूसरे शब्द का पहले शब्द से है। (शब्दों को सार्थक हिंदी शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और शब्द, उनमें अक्षरों की संख्या/व्यंजन/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होने चाहिए।)**

**आकर्षण : प्रतिकर्षण : : उर्ध्वाधर: ?**

(a) रेखा (b) विकर्ण
(c) वृत्त (d) क्षैतिज

**SSC JE Civil 11/10/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'आकर्षण' का विलोम 'प्रतिकर्षण' है, उसी प्रकार 'ऊर्ध्वाधर' का विलोम 'क्षैतिज' है।

**178. उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण अंग्रेजी शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और शब्द में अक्षरों/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होने चाहिए।)**

**खुला : गुप्त :: स्पष्टवादी : _______.**

(a) प्रसन्न (b) भावनात्मक
(c) धोखेबाज़ (d) नाराज़

**SSC JE Civil 10/10/2023 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार, खुला शब्द का विपरीतार्थक गुप्त होता है उसी प्रकार स्पष्टवादी शब्द का विपरीतार्थक धोखेबाज होता है।

**179. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण अंग्रेजी शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए, और शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजन/ स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नही होना चाहिए)**

**सुई : सिलना :: बरमा : ?**

(a) बेधना (b) खोदकर निकालना
(c) तराशना (d) पीसना

**SSC JE Civil 10/10/2023 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार, सुई से सिलने का कार्य किया जाता है उसी प्रकार, बरमा (Auger) का कार्य बेधना (Bore) होता है।

**180. उस विकल्प का चयन कीजिए, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए, और शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजनों/ स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होना चाहिए।)**

**व्यवस्थित : बेतरतीब :: विदेशी : ?**

(a) एलियन (b) घरेलू
(c) परदेश (d) विदेश

**SSC JE Mechanical 11/10/2023 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'व्यवस्थित (Organise)' का विपरीतार्थक शब्द ' बेतरतीब (Jumble)' है उसी प्रकार 'विदेशी (Overseas)' का विपरीतार्थक शब्द 'घरेलू (Domestic)' होगा।

181. उस विकल्प को चुनिए जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।

**लैटिन : भाषा :: तलवारबाजी : ?**

(a) राजस्थान (b) खेल
(c) बीमारी (d) वाहन

**SSC MTS 15/05/2023 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'लैटिन' एक प्रकार की 'भाषा' है, उसी प्रकार 'तलवारबाजी' एक प्रकार का 'खेल' है।

182. उस विकल्प को चुनिए जो तीसरे शब्द से ठीक उसी तरह संबंधित है जिस तरह दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।

**रतौंधी : विटामिन ए : : स्कर्वी : ?**

(a) विटामिन डी (b) विटामिन सी
(c) विटामिन के (d) विटामिन ई

**SSC MTS 10/05/2023 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'रतौंधी' रोग 'विटामिन ए' की कमी से होता है ठीक उसी प्रकार 'स्कर्वी' रोग **'विटामिन सी'** की कमी से होता है।

183. उस विकल्प को चुनिए जो तीसरे शब्द से ठीक उसी तरह संबंधित है जिस तरह दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।

**न्यूटन : बल : : जूल : ?**

(a) दाब (b) समय
(c) कार्य (d) संवेग

**SSC MTS 10/05/2023 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'न्यूटन' 'बल' की इकाई है, ठीक उसी प्रकार 'जूल' कार्य की इकाई है।

184. उस विकल्प को चुनिए जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।

**तुच्छ : महत्वहीन :: दीर्घानुभावी : ?**

(a) मूर्ख (b) हास्यजनक
(c) अनुभवी (d) अनुभवहीन

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'तुच्छ' का संबंध 'महत्वहीन' से है। ठीक उसी प्रकार 'दीर्घानुभावी' का संबंध **'अनुभवी'** से है।

185. (::) के बाईं ओर दिए गए शब्द आपस में किसी तर्क/नियम/संबंध द्वारा संबंधित है। समान तर्क/नियम/संबंध के आधार पर दिए गए विकल्पों में से (::) के दाईं ओर लुप्त शब्द/शब्द युग्म को चुनिए।

**अखबार : संपादक : : डिज़ाइन : ?**

(a) चिकित्सक (b) अध्यापक
(c) नाटककार (d) वास्तुकार

**SSC MTS 04/05/2023 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'अखबार' का संबंध 'संपादक' से है। ठीक उसी प्रकार 'डिजाइन' का संबंध **'वास्तुकार'** से है।

186. (::) के बाईं ओर दिए गए शब्द आपस में किसी तर्क/नियम/संबंध द्वारा संबंधित है। समान तर्क/नियम/संबंध के आधार पर दिए गए विकल्पों में से (::) के दाईं ओर लुप्त शब्द/शब्द युग्म को चुनिए।

**अखाड़ा : कुश्ती :: पिच : ?**

(a) हॉकी (b) शतरंज
(c) स्केटिंग (d) क्रिकेट

**SSC CHSL (Tier-I) 16/03/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'अखाड़ा' का संबंध 'कुश्ती' से है ठीक उसी प्रकार 'पिच' का संबंध **'क्रिकेट'** से है।

187. (::) के बायी ओर दिये गए शब्द किसी तर्क/नियम/संबंध के आधार पर एक दूसरे से संबंधित हैं। समान तर्क/ नियम/संबंध के आधार पर दिए गए विकल्पों में से (::) के दाई ओर लुप्त शब्द/शब्द युग्म को चुनिए।

**कलम : लेखक :: कुल्हाडी : ?**

(a) शिक्षक (b) लकड़हारा
(c) मोची (d) रसोइया

**SSC CHSL (Tier-I) 09/03/2023 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'कलम' का सम्बन्ध लेखक से है। उसी प्रकार 'कुल्हाड़ी' का सम्बन्ध 'लकड़हारा' से है।

188. उस शब्द युग्म को चुनिए जिसमे शब्द ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित युग्म में शब्द एक-दूसरे से संबंधित हैं।

**भूटान : थिम्फू**

(a) रोम : इटली (b) चीन : हांगकांग
(c) पाकिस्तान : इस्लामाबाद (d) बांग्लादेश : टका

**SSC CHSL (Tier-I) 10/03/2023 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'भूटान' की राजधानी 'थिम्फू' है। उसी प्रकार 'पाकिस्तान' की राजधानी 'इस्लामाबाद' है।

189. उस विकल्प को चुनिए जा तीसरे पद से ठीक उसी तरह संबंधित है जिस तरह दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।

**विद्युत धाराः ऐम्पीयर :: ऊष्मागतिकी ताप : ?**

(a) कैंडेला (b) केल्विन
(c) पास्कल (d) मोल

**SSC CHSL (Tier-I) 13/03/2023 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार विद्युत धारा की मापन इकाई ऐम्पीयर है, उसी प्रकार ऊष्मागतिकी ताप की मापन इकाई केल्विन है।

190. ( :: ) के बायीं ओर दिए गए शब्द आपस में किसी तर्क/नियम/संबंधित हैं। समान तर्क/नियम/संबंध के आधार पर दिए गए विकल्पों में से ( :: ) के दाई ओर लुप्त शब्द/शब्द युग्म को चुनिए।

**अस्तबल : घोडा :: विमानशाला( हेंगर ) : ?**

(a) अनाज (b) जानवर
(c) मछली (d) हवाई जहाज

**SSC CHSL (Tier-I) 13/03/2023 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार घोड़े को अस्तबल में रखा जाता हैं, उसी प्रकार हवाई जहाज को विमानशाला (हेंगर) में रखा जाता है।

**191. ( :: ) के बायी ओर दिये गये शब्द किसी तक्र/नियम/ समबंध के आधार पर एक दूसरे से सम्बन्धित है समान तर्क/नियम/सम्बंध के आधार पर दिये गए विकल्पों में से ( :: ) के दाई ओर लुप्त शब्द/शब्द युग्म को चुनिये।**

**बहन : भाई : भांजी/भतीजी : ?**

(a) माता (b) भाई
(c) पुत्री (d) भांजा/भतीजा

**SSC CHSL (Tier-I) 14/03/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार बहन और भाई विपरीत लिंग के है, उसी प्रकार भाँजी/ भतीजी और भांजा / भतीजा विपरीत लिंग के होगें। अतः विकल्प (d) सही हैं।

**192. ( :: ) के बायी ओर दिये गये शब्द किसी तक्र/नियम/ समबंध के आधार पर एक दूसरे से सम्बन्धित है समान तर्क/नियम/सम्बंध के आधार पर दिये गए विकल्पों में से ( :: ) के दाई ओर लुप्त शब्द/शब्द युग्म को चुनिये।**

**रांची : झारखण्ड : : दिसपुर**

(a) सिक्किम (b) नागालैण्ड
(c) असम (d) मेघालय

**SSC CHSL (Tier-I) 14/03/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'रांची' 'झारखण्ड' की राजधानी है, उसी प्रकार 'दिसपुर' 'असम' की राजधानी है।
अतः ? = असम

**193. ( :: ) के बीयी ओर दिये गये शब्द किसी तर्क/नियम/सम्बंध के आधार पर एक दूसरे से सम्बन्धित है समान तर्क/नियम/सम्बंध के आधार पर दिये गये विकल्पों में से ( :: ) के दाई ओर लुप्त शब्द/शब्द युग्म को चुनिए।**

**स्तनधारी : मनुष्य : सरीसृप : ?**

(a) तितली (b) छिपकली
(c) चुहा (d) व्हेल

**SSC CHSL (Tier-I) 14/03/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार, मनुष्य स्तनधारी वर्ण के अन्तर्गत आते है, उसी प्रकर छिपकली सरीसृप वर्ग के अन्तर्गत आती है।
अतः ? = छिपकली

**194. ( :: ) के बीयी ओर दिये गये शब्द किसी तर्क/नियम/सम्बंध के आधार पर एक दूसरे से सम्बन्धित है समान तर्क/नियम/सम्बंध के आधार पर दिये गये विकल्पों में से ( :: ) के दाई ओर लुप्त शब्द/शब्द युग्म को चुनिए।**

**कलम : लेखक :: बंदूक : ?**

(a) सैनिक (b) दर्जी
(c) राजमिस्त्री (d) किसान

**SSC CHSL (Tier-I) 17/03/2023 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'कलम' का संबंध 'लेखक' से है। ठीक उसी प्रकार 'बंदूक' का संबंध '**सैनिको**' से है।

**195. उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है ( शब्दों को अर्थपूर्ण शब्दों के रूप में माना जना चाहिए और शब्द के अक्षरों/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं किया जाना चाहिए )**

**शंकु : आकृति :: कार : _________**

(a) वाहन (b) सड़क
(c) स्टेयरिंग (d) टायर

**SSC GD 01/02/2023 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'शंकु' एक 'आकृति' है। उसी प्रकार 'कार' एक 'वाहन' है।

**196. उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। ( शब्दों को अर्थपूर्ण शब्दों के रूप में मानता है और उन्हें शब्द में अक्षरों/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधारा पर एक-दूसरे से संबंधित नहीं करना है )**

**वैज्ञानिक : प्रयोगशाला :: खगोल विज्ञानी : ?**

(a) पेशा (b) विश्वविद्यालय
(c) पर्यावरण (d) वेधशाला

**SSC GD 08/02/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'वैज्ञानिक' का संबंध 'प्रयोगशाला से है। ठीक उसी प्रकार 'खगोल विज्ञानी' का संबंध 'वेधशाला' से है।

**197. उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। ( शब्दों को अर्थ पूर्ण शब्दों के रूप में मानना है और उन्हें शब्द में अक्षरों/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक-दूसरे से संबंधित नहीं करना है। )**

**ऊपर : नीचे :: पीछे जाना : ?**

(a) सीधा होना (b) आगे बढ़ना
(c) निम्न (d) उठाना

**SSC GD 13/02/2023 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'ऊपर' का विपरीतार्थक शब्द 'नीचे' है। उसी प्रकार 'पीछे जाना' का विपरीतार्थक शब्द 'आगे बढ़ना' है।

**198. उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। ( शब्दों को अर्थपूर्ण शब्दों के रूप में मानना है और उन्हें शब्द में अक्षरों/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक-दूसरे से संबंधित नहीं करना है। ) वोकल कॉर्ड ( स्वर रज्जु ) : गायक :: पैर : ?**

(a) शिक्षक (b) वैज्ञानिक
(c) डॉक्टर (d) फुटबॉलर

**SSC GD 13/02/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'वोकल कार्ड (स्वर रज्जु)' का सम्बन्ध 'गायक' से है। उसी प्रकार 'पैर' का सम्बन्ध 'फुटबॉलर' से है।

**199. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्दा पहले शब्द से सबंधित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण अंग्रेजी/हिन्दी शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और इन्हें शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजनों की संख्या/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबद्ध नहीं किया जाना चाहिए।)**

**डॉक्टर : अस्पताल :: वकील : ?**

(a) मंदिर (b) कोर्ट
(c) स्कूल (d) मकान

**SSC CGL (Tier-I) 19/07/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार डाक्टर का सम्बन्ध अस्पताल से है उसी प्रकार वकील का सम्बंध कोर्ट से होता है। अतः विकल्प (b) सही होगा।

**200. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण अंग्रेजी/हिन्दी शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और इन्हें शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजनों की संख्या/स्वरों की संख्या के आधार पर एक-दूसरे से संबद्ध नहीं किया जाना चाहिए।)**

**भारत : रॉयल बंगाल टाइगर :: ऑस्ट्रेलिया : ?**

(a) ड्रैगन (b) कंगारू
(c) हाथी (d) घोड़ा

**SSC CGL (Tier-I) 27/07/2023 (Shift-III)**

**Ans. (b):** जिस प्रकार 'भारत' का राष्ट्रीय पशु 'रॉयल बंगाल टाइगर' है, ठीक उसी प्रकार 'आस्ट्रेलिया' का राष्ट्रीय पशु '**कंगारू**' है।

**201. उस शब्द-युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए शब्दों के युग्म में व्यक्त किए गए समान संबंध का सबसे अच्छा निरूपण करता है।**

**थर्मामीटर : तापमान**

(a) वोल्टमीटर : वोल्टेज (b) माइक्रोमीटर : चाल
(c) गैल्वेनोमीटर : ध्वनि (d) टैसियोमीटर : त्वरण

**SSC CGL (Tier-I) 17/07/2023 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'थर्मामीटर' का संबंध 'तापमान' से है, ठीक उसी प्रकार 'वोल्टमीटर' का संबंध 'वोल्टेज' से है।

**202. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण अंग्रेजी/हिन्दी शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और इन्हें शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजनों की संख्या/स्वरों की संख्या के आधार पर एक-दूसरे से संबंध नहीं किया जाना चाहिए।)**

**त्वचा : स्पर्श :: नाक : ?**

(a) पसीना (b) गंध
(c) नथ (d) स्वाद

**SSC CGL (Tier-I) 14/07/2023 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'त्वचा' का सम्बंध स्पर्श से है, उसी प्रकार 'नाक' का सम्बंध गंध से है।

**203. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**वर्ग : आयत : : समचतुर्भुज :?**

(a) घनाभ (b) समलम्ब चतुर्भुज
(c) पतंग (d) समान्तर चतुर्भुज

**SSC MTS 11/10/2021 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार वर्ग की सभी भुजाएँ बराबर होती हैं। उसी प्रकार समचतुर्भुज की सभी भुजाएँ बराबर होती हैं। जिस प्रकार आयत के आमने-सामने की भुजा बराबर होती है, उसी प्रकार समांतर चतुर्भुज की आमने-सामने की भुजा बराबर होगी।

**204. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से उसी प्रकार से संबंधित है जैसे दूसरा पद प्रथम पद से संबंधित है।**

**वर्ग : भुजा : वृत्त : ?**

(a) क्षेत्रफल (b) चाप
(c) त्रिज्या (d) व्यास

**SSC MTS 11/10/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार -
वर्ग (Square) के किनारे को side (भुजा) कहते है।
उसी प्रकार -
वृत्त (Circle) के किनारे को Arc (चाप) कहते हैं।

**205. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**बिस्तर : सोना :: कुर्सी :?**

(a) कूदना (b) लकड़ी
(c) बैठना (d) संतुलन

**SSC MTS 08/10/2021 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार बिस्तर का उपयोग सोने के लिए होता है। उसी प्रकार कुर्सी का उपयोग बैठने के लिए होता है।

**206. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**आम : फल :: फूलगोभी :?**

(a) पौधे (b) बंदगोभी
(c) सब्जियाँ (d) रसोइयाँ

**SSC MTS 08/10/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार, आम 'फल' से सम्बन्धित है, उसी प्रकार फूलगोभी 'सब्जियों' से सम्बन्धित है।

**207. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से सम्बन्धित है।**

**शिक्षक : विद्यालय : : नर्स :?**

(a) अस्पताल (b) उपचार
(c) दवा (d) सर्जरी

**SSC MTS 07/10/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a):** जिस प्रकार, 'विद्यालय' में 'शिक्षक' होते है।
उसी प्रकार, 'अस्पताल' में 'नर्स' होती है।

**208. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार सम्बन्धित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से सम्बन्धित है।**
**ओममीटर : प्रतिरोध : : जाईमोमीटर : ?**
(a) श्यानता (b) घनत्व
(c) किण्वन (d) विकिरण
**SSC CHSL 12/04/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c)** जिस प्रकार 'Ohmmeter (ओममीटर)', 'Resistance (प्रतिरोध)', का मात्रक है उसी प्रकार 'Zymometer (किण्वमापी यंत्र)', 'Fermentation (किण्वन)' का मात्रक है।

**209. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**
**गुड़हल : फूल :: पेंगुइन : ?**
(a) सरीसृप (b) बर्फ
(c) पक्षी (d) काला
**SSC MTS 06/10/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार गुड़हल 'फूल' की एक प्रजाति है, उसी प्रकार पेंगुइन 'पक्षी' की एक प्रजाति है।

**210. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**
**मंगलवार : शनिवार :: मई : _____.**
(a) सितम्बर (b) अप्रैल
(c) अक्टूबर (d) अगस्त
**SSC MTS 06/10/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार-
मंगलवार + 4 दिन $\rightarrow$ शनिवार का दिन आता है
उसी प्रकार-
मई + 4 महीने $\rightarrow$ सितम्बर का माह आता है।
अतः ? = सितम्बर

**211. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**
**मानव शरीर : दवाएं : : पौधे : ?**
(a) उर्वरक (b) सिंचाई
(c) बीज (d) कीटनाशक
**SSC MTS 05/10/2021 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार मानव शरीर के उपचार के लिए दवाओं का प्रयोग किया जाता है, उसी प्रकार पौधों के उपचार के लिए कीटनाशक का प्रयोग किया जाता है।

**212. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**
**आलू : तना : : चना : ?**
(a) फूल (b) दाल
(c) बीज (d) जड़
**SSC MTS 05/10/2021 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार से आलू एक प्रकार का 'तना' है, उसी प्रकार से चना एक प्रकार का बीज है।

**213. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**
**बहादुर : साहसी :: बेवकूफ़ : ?**
(a) बुद्धिमान (b) समझदार
(c) डरपोक (d) उन्मादी
**SSC GD- 09/12/2021 : Shift-I**

**Ans.(d)** जिस प्रकार 'बहादुर' का समानार्थी शब्द 'साहसी होता है। है उसी प्रकार बेवकूफ का समानार्थी शब्द 'उन्मादी' होता है।

**214. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**
**रूबेला : विषाणु :: मलेरिया : ?**
(a) विषाणु (b) परजीवी
(c) कवक (d) जीवाणु
**SSC GD- 07/12/2021 : Shift-I**

**Ans. (b) :** रूबेला : विषाणु :: मलेरिया : ?
जिस प्रकार रूबेला, विषाणु से होनें वाली बीमरी है। उसी प्रकार मलेरिया, परजीवी से होनें वाली बीमारी है।
रूबेला : विषाणु :: मलेरिया : परजीवी

**215. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**
**छुपाना : प्रकट करना : विस्तार करना :?**
(a) संकुचित करना (b) चौड़ा करना
(c) फैलाना (d) बड़ा करना
**SSC GD- 03/12/2021 : Shift-II**

**Ans.(a) :** जिस प्रकार छुपाना का विपरीतार्थक प्रकट करना होता है, उसी प्रकार विस्तार करना का विपरीतार्थक संकुचित करना होता हैं।

**216. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**गति : स्पीडोमीटर :: वायु दाब : ?**
(a) बैरोमीटर (b) अल्टीमीटर
(c) वैरियोमीटर (d) हाइप्सोमीटर
**SSC GD- 26/11/2021 : Shift-III**

**Ans.(a) :** गति : स्पीडोमीटर :: वायुदाब : ?
जिस प्रकार गति स्पीडोमीटर से मापी जाती है उसी प्रकार वायुदाब 'बैरोमीटर' से मापा जायेगा।

**217. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**
**पत्तियाँ : क्लोरोफिल : : रक्त : ?**
(a) हीमोग्लोबिन (b) प्लाज्मा
(c) प्लेटलेट्स (d) श्वेत रक्त कणिकाएँ
**SSC GD- 26/11/2021 : Shift-I**

**Ans. (a):** जिस प्रकार 'क्लोरोफिल' के कारण 'पत्तियों' का रंग 'हरा' होता है, उसी प्रकार 'हीमोग्लोबिन' के कारण 'रक्त' का रंग 'लाल' होता है।

**218. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**मधुमक्खियाँ : भिनभिनाना :: मुर्गियाँ : ?**

(a) गरजना (b) किकियाना
(c) कुटकुटाना (d) चहचहाना

**SSC GD- 18/11/2021 : Shift-I**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार, मधुमक्खियों की आवाज 'भिनभिनाना' होता है।
उसी प्रकार, मुर्गियों की आवाज 'कुटकुटाना' होता है।
अतः ? = कुटकुटाना

**219. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द, पहले शब्द से संबंधित है।**

**मृत्यु : दुर्घटना : भुखमरी : ?**

(a) दुखी (b) अनशन
(c) हर्ष (d) क्रोध

**SSC CHSL 19/04/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार, 'दुर्घटना' गम्भीर हो तो 'मृत्यु' भी हो सकती है, उसी प्रकार 'अनशन' अधिक हो जाये तो 'भुखमरी' की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**220. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**की-बोर्ड : टचपैड : : माउस : ?**

(a) जॉयस्टिक (b) मॉनिटर
(c) लैपटॉप (d) कम्प्यूटर

**SSC CHSL 15/04/2021 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'की बोर्ड' में 'टचपैड' लगा होता है और यह एक इनपुट डिवाइस है, उसी प्रकार 'माउस' में 'जॉयस्टिक' लगा होता है और यह भी एक इनपुट डिवाइस है।

**221. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**स्वस्थ आहार : थकान : सतर्कता : ?**

(a) संतुष्ट (b) सक्रियता
(c) दुर्घटना (d) सफल

**SSC CHSL 12/08/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'स्वस्थ आहार' खाने से 'थकान' नहीं लगती, उसी प्रकार 'सतर्कता' बरतने से 'दुर्घटना' नहीं होती।

**222. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**कीटविज्ञानी : कीट : : जीवाश्मिकी : ?**

(a) खनिज पदार्थ (b) जीवाश्म
(c) मोटर वाहन (d) भूकंप

**SSC CHSL 11/08/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b):** जिस प्रकार, कीटों (Insects) के अध्ययन को कीटविज्ञानी (Entomology) कहते हैं उसी प्रकार, जीवाश्म (Fossils) के अध्ययन को जीवाश्मिकी (Palaeontology) कहते है।

**223. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**बिस्तर : गद्दा : : कुर्सी : ?**

(a) बोरा (b) कुशन
(c) तकिया (d) फॉम

**SSC CHSL 10/08/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार विस्तर पर आराम करने के लिए गद्दा का प्रयोग करते है उसी प्रकार कुर्सी पर बैठने के लिए कुशन का प्रयोग करते है।

**224. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द, पहले शब्द से संबंधित है।**

**डॉल्फिन : क्लिक :: सियार : ?**

(a) मिमियाना (b) चीखना
(c) हुऑना (d) चिंचियाना

**SSC CHSL 09/08/2021 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार, डॉल्फ़िन की अवाज, 'क्लिक' होती है, उसी प्रकार, सियार की अवाज 'हुआँना' होती है।

**225. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**जागृत : अन्निद्रा :: बैठना : ?**

(a) निष्क्रिय (b) स्थापित
(c) आसीन (d) नियमित

**SSC CHSL 09/08/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार, 'जागृत' तथा 'अन्निद्रा' एक-दूसरे के समानार्थी हैं उसी प्रकार, 'बैठना' का समानार्थी शब्द 'आसीन' है।

**226. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**झुंड : भेड़ : : भीड़ : ?**

(a) मक्खी (b) मछली
(c) मनुष्य (d) हंस

**SSC CHSL 05/08/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार, भेड़ जब अधिक संख्या में इकट्ठा होती हैं तो झुंड बनाती है, उसी प्रकार, जब मनुष्य अधिक संख्या में इकट्ठा होते हैं तो उसे भीड़ कहा जाता है।
अतः विकल्प (c) सही है।

**227. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है :**

**अफ्रीका : अल्जीरिया : : दक्षिण अमेरिका : ?**

(a) अर्जेंटीना (b) कनाडा
(c) जर्मनी (d) मैक्सिको

**SSC CHSL 04/08/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a):** जिस प्रकार 'अल्जीरिया', 'अफ्रीका' का एक देश है, उसी प्रकार 'अर्जेंटीना' 'दक्षिण अमेरिका' का एक देश है।

**228. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**पुस्तकें : बस्ता : : गैस स्टोव : ?**
(a) रसोईघर (b) शेफ
(c) गैस सिलिंडर (d) भोजन

**SSC MTS 26/10/2021 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार, पुस्तकें 'बस्ता' में रखे जाते है उसी प्रकार गैस स्टोव 'रसोईघर' में रखा जाता है।

**229. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**काठमांडू : नेपाल : : थिम्फू :?**
(a) भूटान (b) श्रीलंका
(c) चीन (d) मालदीव

**SSC MTS 26/10/2021 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार, काठमांडू 'नेपाल' की राजधानी है उसी प्रकार, थिम्फू 'भूटान' की राजधानी है।

**230. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**सटीक : सही :: शिखर : ?**
(a) पर्वत (b) घाटी
(c) ऊँचा (d) शीर्ष

**SSC MTS 26/10/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d):** जिस प्रकार, 'सटीक' शब्द का समानार्थी शब्द 'सही' है। उसी प्रकार, 'शिखर' शब्द का समानार्थी शब्द 'शीर्ष' होगा।

**231. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**
**धूप : अंधा : : शोर : ...............**
(a) बहरा (b) शांति
(c) गूंगा (d) मौन

**SSC MTS 22/10/2021 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार – धूप से निकलने वाली पराबैगनी किरणों की वजह से व्यक्ति अंधा हो सकता है।
उसी प्रकार - अत्यधिक शोर में रहने से व्यक्ति बहरा हो सकता है।

**232. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**
**साइकिल : पहिए :: पक्षी : ?**
(a) आकाश (b) नदी
(c) भूमि (d) पंख

**SSC MTS 22/10/2021 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार → साइकिल को चलाने के लिए पहिए की आवश्यकता होती है।
उसी प्रकार → एक पक्षी को उड़ने के लिए पंख होना आवश्यक होता है।

**233. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**मोतियाबिंद : आंख : : एक्जिमा : ?**
(a) एजर्ली (b) जोड़
(c) खुजली (d) त्वचा

**SSC MTS 18/10/2021 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'मोतियाबिंद', 'आँख' से सम्बन्धित बीमारी है, उसी प्रकार 'एक्जिमा', 'त्वचा' से संबंधित बीमारी है।

**234. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**ईंधन : डीजल : : बर्तन : ?**
(a) चम्मच (b) लोहा
(c) रसोई (d) स्टील

**SSC MTS 18/10/2021 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'डीजल' एक प्रकार का 'ईंधन' है, उसी प्रकार 'चम्मच' एक प्रकार का 'बर्तन' है।

**235. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे पद से ठीक उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।**
**मैथिली : झारखंड : : कोंकणी : ?**
(a) कर्नाटक (b) महाराष्ट्र
(c) गोवा (d) कोंकण

**SSC MTS 18/10/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'मैथिली', झारखण्ड में बोली जाने वाली भाषा है। उसी प्रकार 'कोंकणी', गोवा में बोली जाने वाली भाषा है।

**236. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**
**सांप : रेंगना : घोड़ा : ?**
(a) सरपट दौड़ (b) हाईकिंग
(c) अलंकरण (d) आवारागर्द

**SSC MTS 14/10/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'सांप' रेंगकर चलता है, उसी प्रकार 'घोड़ा' सरपट दौड़कर चलता हैं।

**237. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे अक्षर-समूह से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा अक्षर-समूह पहले अक्षर-समूह से संबंधित है।**
**पेंसिल : शार्पनर :: लकड़ी : ?**
(a) रबर (b) पेड़
(c) कुल्हाड़ी (d) पेंचकस

**SSC MTS 13/10/2021 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार, पेंसिल को 'शार्पनर' से काटा (छीला) जाता है, उसी प्रकार, लकड़ी को 'कुल्हाड़ी' से काटा जाता है।

**238. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे अक्षर-समूह से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा अक्षर-समूह पहले अक्षर-समूह से संबंधित है।**
**सुरक्षा : शील्ड : : अनावरण : ?**

(a) चोट (b) कवर
(c) धमकाना (d) प्रकटीकरण

**SSC MTS 13/10/2021 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'सुरक्षा' का समानार्थी 'शील्ड' होता है, उसी प्रकार 'अनावरण' का समानार्थी 'प्रकटीकरण' होता है।

**239. उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द, पहले शब्द से सम्बन्धित है।**

**व्यायामशाला : व्यायाम : : विद्यालय : ?**

(a) पाठ्यचर्या (b) शिक्षक
(c) विद्यार्थी (d) शिक्षा

**SSC MTS 13/10/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'व्यायामशाला' में 'व्यायाम' किया जाता है उसी प्रकार 'विद्यालय' में 'शिक्षा' ग्रहण किया जाता है।

**240. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**निर्भीक : साहसी :: खंडित : ______**

(a) विस्तीर्ण (b) फंसना
(c) पतित (d) सतर्क

**SSC MTS 13/10/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'निर्भीक' का समानार्थी शब्द 'साहसी' है, उसी प्रकार 'खंडित' का समानार्थी शब्द 'पतित' है।

**241. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**वाट : शक्ति : : वोल्ट : ............**

(a) धारा (b) विभव
(c) सामर्थ्य (d) एम्पियर

**SSC MTS 12/10/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार, वाट 'शक्ति' का मात्रक है।
उसी प्रकार, वोल्ट 'विभव' का मात्रक है।

**242. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है?**

**लावक : किसान :: निहाई :?**

(a) बढ़ई (b) घड़ीसाज़
(c) श्रमिक (d) लोहार

**SSC MTS 12/10/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'किसान' खेत की जुताई में 'लावक' का प्रयोग करता है उसी प्रकार 'लोहार' लोहे को पीटने में 'निहाई' प्रयोग करता है।

**243. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**पूरा : अधूरा :: हार : ?**

(a) शोक (b) जीत
(c) प्रतिद्वंदी (d) मंशा

**SSC MTS 07/10/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार, पूरा शब्द का विपरीत 'अधूरा' है, उसी प्रकार, 'हार' का विपरीत 'जीत' है।

**244. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**आनंददायक : सुखद :: उत्कृष्ट : ?**

(a) संपन्न (b) हास्यपूर्ण
(c) उत्तम (d) प्रसन्न

**SSC MTS 07/10/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'आनंददायक' का समानार्थी शब्द 'सुखद' होता है उसी प्रकार 'उत्कृष्ट' का समानार्थी शब्द 'उत्तम' होता है।

**245. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**रुपया : मुद्रा :: गर्मी : ?**

(a) ऊष्मा (b) मौसम
(c) आर्द्रता (d) तापमान

**SSC MTS 07/10/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'रुपया', 'मुद्रा' के अन्तर्गत आती है उसी प्रकार 'गर्मी', 'मौसम' के अन्तर्गत आती है।

**246. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**कोहिमा : नागालैंड :: शिलांग : ?**

(a) उड़ीसा (b) मेघालय
(c) असम (d) सिक्किम

**SSC MTS 06/10/2021 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'नागालैण्ड' की राजधानी 'कोहिमा' है, उसी प्रकार 'मेघालय' की राजधानी 'शिलांग' है।

**247. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**आलसी : परिश्रमी :: धनी : ?**

(a) धन (b) दुखी
(c) धनी (d) कंगाल

**SSC MTS 06/10/2021 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'आलसी' का विपरीत शब्द 'परिश्रमी' है। उसी प्रकार 'धनी' का विपरीत शब्द 'कंगाल' होगा।

**248. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**रविवार : बृहस्पतिवार :: शुक्रवार : ?**

(a) बुधवार (b) मंगलवार
(c) गुरूवार (d) शनिवार

**SSC JE Mechanical – 22/03/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार से रविवार के बाद का चौथा दिन बृहस्पतिवार है उसी प्रकार से शुक्रवार के बाद का चौथा दिन मंगलवार होगा।

**249. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है–**

**सोरायसिस : त्वचा :: रिकेट्स : ?**

(a) हड्डियां (b) आँखें
(c) थायरॉइड (d) मसूड़े

**SSC JE Civil – 23/03/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार सोरायसिस रोग का संबंध त्वचा से है उसी प्रकार रिकेट्स रोग का संबंध हड्डियों से है।

**250. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी तरह संबंधित है, जैसे दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है–**

**किसान : झोपड़ी :: उन्मादी : ?**

(a) घुड़साल (b) हवेली
(c) मनोचिकित्सालय (d) बैरक

**SSC JE Civil – 23/03/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'किसान' का संबंध 'झोपड़ी' से है, उसी प्रकार 'उन्मादी' का संबंध 'मनोचिकित्सालय' से है।

**251. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है ?**

**मिस्त्र : काहिरा :: केन्या : ?**

(a) विक्टोरिया (b) हरारे
(c) नैरोबी (d) त्रिपोली

**SSC JE Civil – 23/03/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'मिस्त्र' की राजधानी 'काहिरा' है, उसी प्रकार 'केन्या' की राजधानी 'नैरोबी' है।

**252. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**गैल्वेनोमीटर : बिजली :: एनीमोमीटर : ?**

(a) धारा (b) वायु दाब
(c) पवन गति (d) उन्नतांश

**SSC JE Electrical – 24/03/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'गैल्वेनोमीटर' से 'बिजली' की धारा को मापा जाता है, उसी प्रकार 'एनीमोमीटर' से 'पवन गति' को मापा जाता है।

**253. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**विनम्रता : अभिमान :: सभ्य : ?**

(a) कोमल (b) जंगली
(c) नेक (d) भद्र

**SSC JE Electrical – 24/03/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'विनम्रता' का विलोम 'अभिमान' है उसी प्रकार 'सभ्य' का विलोम 'जंगली' है।

**254. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी तरह संबंधित है, जैसे दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**भूटान : थिम्पू :: नाइजीरिया : ?**

(a) मस्कट (b) अबुजा
(c) मनीला (d) ओटावा

**SSC JE Electrical – 24/03/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'भूटान' की राजधानी 'थिम्पू' है उसी प्रकार 'नाइजीरिया' की राजधानी 'अबुजा' है।

**255. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**मुक्केबाजी : रिंग :: दौड़ : ?**

(a) ट्रैक (b) मैदान
(c) अखाड़ा (d) कोर्ट

**SSC CHSL 19/03/2020 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'मुक्केबाजी', 'रिंग' में की जाती है, उसी प्रकार 'दौड़', 'ट्रैक' पर किया जाता है।

**256. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी तरह से सम्बंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से सम्बंधित है।**

**प्रसिद्ध : प्रख्यात :: क्रोध : ?**

(a) उदास (b) खुश
(c) शांत (d) गुस्सा

**SSC MTS 22/08/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d)** जिस प्रकार 'प्रसिद्ध' का समानार्थी 'प्रख्यात' होता है उसी प्रकार 'क्रोध' का समानार्थी 'गुस्सा' होता है।

**257. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है। जिस प्रकार दूसरा शब्द, पहले शब्द से संबंधित है।**

**बांग्लादेश : टका :: ग्रीस : ?**

(a) यूरो (b) युआॅन
(c) दीनार (d) पौंड

**SSC MTS 22/08/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a)** जिस प्रकार, 'बांग्लादेश' की मुद्रा 'टका' है, उसी प्रकार, 'ग्रीस' की मुद्रा 'यूरो' है।

**258. उस पद का चयन करें जो चौथे पद से उसी तरह सम्बन्धित है जैसे दूसरा पद पहले पद से सम्बन्धित है।**

**पानी : हाइड्रोजन आक्साइड :: ? : सोडियम क्लोराइड**

(a) सिरका (b) चूना पत्थर
(c) साधारण नमक (d) खाने का सोडा

**SSC MTS 22/08/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c)** जिस प्रकार, 'पानी' का रासायनिक नाम 'हाइड्रोजन ऑक्साइड' है। उसी प्रकार 'साधारण नमक' का रासायनिक नाम 'सोडियम क्लोराइड' है।

**259. निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प को चुनिए जो तीसरे पद से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।**

**रंभाना : गाय :: हिनहिनाना : ?**

(a) उल्लू (b) भेड़िया
(c) घोड़ा (d) भालू

**SSC MTS 22/08/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c):** जिस प्रकार 'रंभाना', 'गाय' के बोलने की आवाज है उसी प्रकार 'हिनहिनाना', 'घोड़े' के बोलने की आवाज है।

**260. निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प को चुनिए जो तीसरे पद से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।**
**वैज्ञानिक : प्रयोगशाला :: अध्यापक : ?**

(a) विद्यार्थी (b) ज्ञान
(c) शिक्षा (d) विद्यालय

**SSC MTS 22/08/2019 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'वैज्ञानिक', 'प्रयोगशाला' में अनुसंधान का कार्य करता है, उसी प्रकार 'शिक्षक', 'विद्यालय' में पढ़ाने का कार्य करता है। अत: विकल्प (d) सही है।

**261. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से उसी तरह से सम्बंधित है जिस प्रकार दूसरा पद पहले से सम्बंधित है?**
**दिन : रात :: सवेरा : ?**

(a) सूर्योदय (b) सुबह
(c) सूर्यास्त (d) संध्या

**SSC MTS 21/08/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'दिन' का विलोम 'रात' है, उसी प्रकार 'सवेरा' का विलोम 'संध्या' है।

**262. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार से सम्बन्धित है जिस प्रकार से पहला शब्द दूसरे शब्द से सम्बन्धित है।**
**पासा : घन :: पृथ्वी : ?**

(a) ब्रम्हांड (b) चांद
(c) गोला (d) सूर्य

**SSC MTS 21/08/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'पासा', 'घनाकार' होता है, उसी प्रकार 'पृथ्वी', 'गोलाकार' होती है।

**263. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से उसी तरह से सम्बंधित है जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से सम्बंधित है।**
**कॉकरोच: निम्फ : : भेड़ : ?**

(a) बछड़ा (b) लार्वा
(c) घोड़े का बच्चा (d) मेमना

**SSC MTS 21/08/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'कॉकरोच' के बच्चे को 'निम्फ' कहते हैं, उसी प्रकार 'भेड़' के बच्चे को 'मेमना' कहते हैं।

**264. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार से सम्बन्धित है जिस प्रकार से पहला शब्द दूसरे शब्द से सम्बन्धित है।**
**राजा : महल :: शेर : ?**

(a) वन (b) गुफा
(c) शेरनी (d) शावक

**SSC MTS 21/08/2019 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'राजा' का 'महल' में निवास स्थान होता है, उसी प्रकार 'शेर' का 'गुफा' में निवास स्थान होता है।

**265. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी तरह से सम्बंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से सम्बंधित है।**
**चम्मच : कांटा : : प्लेट : ?**

(a) कूकर (b) कड़ाही
(c) चूल्हा (d) कटोरा

**SSC MTS 21/08/2019 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'चम्मच' का एक प्रकार 'काँटेदार चम्मच' (काँटा) होता है उसी प्रकार 'प्लेट' का एक प्रकार 'कटोरा' भी होता है।

**266. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से उसी तरह से सम्बन्धित है जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से सम्बन्धित है।**
**शब्दकोश : शब्द :: मानचित्रावली : ?**

(a) नक्शा (b) फोन नम्बर
(c) तारीखें (d) खाद्य वस्तुएँ

**SSC MTS 20/08/2019 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'शब्दकोश' में 'शब्द' मिलते हैं, उसी प्रकार 'मानचित्रावली' में 'नक्शा' मिलता है।

**267. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से उसी तरह से सम्बन्धित है, जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से सम्बन्धित है।**
**अक्षर : शब्द :: वाक्य ?**

(a) अंक (b) संख्याएँ
(c) अनुच्छेद (d) समीकरण

**SSC MTS 20/08/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'अक्षरों' के मेल से 'शब्द' का निर्माण होता है, उसी प्रकार 'वाक्यों' के मेल से 'अनुच्छेद' का निर्माण होता है।

**268. उस विकल्प का चयन करें जो चौथे पद से उसी तरह सम्बन्धित है जैसे पहला पद दूसरे पद से सम्बन्धित है।**
**कर्णपाल : कान :: ? : आँखे**

(a) कार्निया (b) एनविल
(c) विजन (d) कॉर्न्स

**SSC MTS 19/08/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'पिन्ना (कर्णपाल)', 'कान' का एक भाग है, उसी प्रकार 'कार्निया', 'आँख' का एक भाग है।

**269. निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प को चुनिए जो तीसरे पद से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।**
**ईमानदार : विश्वसनीय :: मृगतृष्णा : ?**

(a) परावर्तन (b) छवि
(c) मरीचिका (d) पनाहगाह

**SSC MTS 19/08/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार Genuine (ईमानदार) के लिए Authentic (विश्वसनीय) की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार Mirage (मृगतृष्णा) में Illusion (मरीचिका) की स्थिति उत्पन्न होती है। अत: विकल्प (c) सही है।

**270. निम्नलिखित विकल्पों में से उस शब्द को चुनिए जो निम्नलिखित शृंखला में तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**आदमी : लड़का :: कुत्ता : ?**

(a) पिल्ला (b) शावक

(c) कुत्ते का घर (d) कुतियां

**SSC MTS 19/08/2019 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'आदमी' के बच्चे को 'लड़का (Boy)' कहते हैं, उसी प्रकार 'कुत्ता' के बच्चे को 'पिल्ला (Puppy)' कहते हैं।

**271. निम्नलिखित विकल्पों में से उस शब्द को चुनिए जो निम्नलिखित शृंखला में तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**टीचर : छात्र :: डॉक्टर : ?**

(a) मरीज (b) नर्स

(c) स्टेटोस्कोप (d) अस्पताल

**SSC MTS 19/08/2019 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार छात्र पढ़ने के लिए अध्यापक के पास जाता है, उसी प्रकार रोगी (मरीज) इलाज के लिए डॉक्टर के पास जाता है।

**272. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी तरह से सम्बंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से सम्बंधित है।**

**दर्जी : सिलाई मशीन :: किसान : ?**

(a) फसलें (b) खेत

(c) हल (d) बीज

**SSC MTS 16/08/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'दर्जी', 'सिलाई मशीन' से सिलाई करता है, उसी प्रकार 'किसान', 'हल' से खेत की जुताई करता है।

**273. उस विकल्प का चयन करें जो चौथे पद से उसी तरह से सम्बंधित है जिस प्रकार पहला पद दूसरे पद से सम्बन्धित है।**

**भट्टा : ईंटें :: ? : ब्रेड**

(a) बेकरी

(b) शराब बनाने का स्थान (डिस्टिलरी)

(c) दुकान

(d) डेयरी

**SSC MTS 16/08/2019 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'भट्टा' में 'ईंटें' बनती हैं उसी प्रकार 'बेकरी' में 'ब्रेड' बनती हैं।

**274. उस विकल्प को चुनिए जो निम्नलिखित शृंखला में तीसरे अक्षर समूह से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा अक्षर पहले अक्षर समूह से संबंधित है।**

**हरा : रंग :: क्रिकेट : ?**

(a) गेंद (b) बल्ला

(c) खेल (d) हॉकी

**SSC MTS 09/08/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'हरा', 'रंगों' में एक प्रकार का रंग है। उसी प्रकार 'क्रिकेट', 'खेलों' में एक प्रकार का खेल है।

**275. निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प को चुनिए जो निम्नलिखित शृंखला में तीसरे अक्षर समूह से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा अक्षर पहले अक्षर समूह से संबंधित है।**

**कोर्ट : टेनिस :: रिंक : ?**

(a) गोल्फ (b) स्केटिंग

(c) क्रिकेट (d) शतरंज

**SSC MTS 09/08/2019 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'कोर्ट' पर 'टेनिस' खेला जाता है, उसी प्रकार 'बर्फ के मैदान' पर 'स्केटिंग' किया जाता है।

**276. निम्नलिखित विकल्पों में से उस शब्द को चुनिए जो निम्नलिखित शृंखला में तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**ठण्डा : रेफ्रीजेरेटर :: गर्म : ?**

(a) पेपर (b) ठण्डा

(c) ओवन (d) वातानुकूलित

**SSC MTS 09/08/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'रेफ्रीजेरेटर' वस्तु को 'ठण्डा' करता है, उसी प्रकार 'चूल्हा'/भट्टी (ओवन) वस्तु को 'गर्म' करता है। अत: विकल्प (c) सही है।

**277. निम्नलिखित विकल्पों में से उस शब्द को चुनिए जो निम्नलिखित शृंखला में तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**मौसम : सर्दी :: आकृति :?**

(a) विकर्ण (b) कोण

(c) त्रिभुज (d) फलक

**SSC MTS 09/08/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'सर्दी' एक मौसम (ऋतु) है, उसी प्रकार 'त्रिभुज' एक 'आकृति' है। अत: विकल्प (c) सही है।

**278. निम्नलिखित शृंखला में उस विकल्प को चुनिए जो तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**प्लेट : बर्तन :: कार : ?**

(a) ड्राइवर (b) वाहन

(c) टायर (d) बाइक

**SSC MTS 09/08/2019 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'प्लेट' 'बर्तन' के अन्तर्गत आती है। उसी प्रकार 'कार' 'वाहन' के अन्तर्गत आती है। अत: विकल्प (b) सही है।

**279. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार से दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**रक्त वाहिका संधान : दिल :: अपोहन (डायलिसिस):?**

(a) पंजर (b) गुर्दा

(c) दिमाग (d) फेफड़ा

**SSC CHSL 21/10/2020 (Shift-III)**

**Ans. (b)** जिस प्रकार 'रक्त वाहिका संधान' का सम्बन्ध 'दिल' (हृदय) से है। उसी प्रकार 'अपोहन (डायलिसिस)' का सम्बन्ध गुर्दा (किडनी) से है।

**280. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार से दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**रेत : रेगिस्तान :: पानी : ?**

(a) भूमि (b) बर्फ

(c) महासागर (d) वाष्प

**SSC CHSL 21/10/2020 (Shift-III)**

**Ans. (c)** जिस प्रकार 'रेगिस्तान में रेत' पाया जाता है। उसी प्रकार 'महासागर' में 'पानी' पाया जाता है। अत: विकल्प (c) सही है।

**281. उस विकल्प का चयन करें जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**समय : सेकंड :: लंबाई : ?**

(a) दूरी (b) मीटर

(c) मापन नियम (d) लंबा

**SSC CHSL 21/10/2020 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'समय' को 'सेकण्ड' में मापा जाता है, उसी प्रकार 'लम्बाई' को 'मीटर' में मापा जाता है।

**282. उस विकल्प का चयन करें जिसका तीसरे पद से वही संबंध है जो दूसरे पद का पहले पद से है।**

**जूता : चमड़ा :: कागज : ?**

(a) मुद्रक (b) प्लास्टिक

(c) पुस्तक (d) लकड़ी

**SSC CHSL 21/10/2020 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'चमड़ा' से 'जूता' बनाया जाता है, उसी प्रकार 'लकड़ी' से 'कागज' बनाया जाता है।

**283. उस विकल्प का चयन करें जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से हैं**

**भारत : दिल्ली :: झारखंड : ?**

(a) रांची (b) भुवनेश्वर

(c) दिसपुर (d) भोपाल

**SSC CHSL 20/10/2020 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार, 'दिल्ली' 'भारत' देश की राजधानी है। उसी प्रकार, 'रांची' झारखण्ड राज्य की राजधानी है।

**284. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**सबसे लम्बा दिन : जून :: सबसे छोटा दिन : ?**

(a) फरवरी (b) नवम्बर

(c) जनवरी (d) दिसम्बर

**SSC CHSL 20/10/2020 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार, सबसे लम्बा दिन 21 जून को होता है, उसी प्रकार सबसे छोटा दिन 22 दिसम्बर को होता है।

**285. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**मलेरिया : परजीवी :: पेट का अल्सर : ?**

(a) बैक्टीरिया (b) प्रोटोजोआ

(c) कीट (d) परजीवी

**SSC CHSL 20/10/2020 (Shift-I)**

**Ans. (a)** जिस प्रकार, मलेरिया प्लाज्मोडियम-परजीवी से होता है। उसी प्रकार, पेट का अल्सर, बैक्टीरिया से होता है।

**286. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**मक्खन : दूध :: तेल : ?**

(a) बीज (b) पेड़

(c) जड़ (d) तेल का कारखाना

**SSC CHSL 17/03/2020 (Shift-III)**

**Ans. (a)** जिस प्रकार 'मक्खन', 'दूध' से प्राप्त होता है उसी प्रकार 'तेल', 'बीज' से प्राप्त होता है।

**287. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो संबंध दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**ऊर्जा:जूल :: शक्ति:?**

(a) ऊर्जा (b) वॉट

(c) कार्य (d) न्यूटन

**SSC CHSL 17/03/2020 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार, ऊर्जा का मात्रक जूल होता है। उसी प्रकार, शक्ति का मात्रक वॉट होता है।

**288. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से वही संबंध रखता है जैसे दूसरे शब्द का संबंध पहले शब्द से है।**

**किसान : खेत :: कलाकार : ?**

(a) अभिनेता (b) ऐक्शन

(c) थिएटर (d) नायक

**SSC CHSL 17/03/2020 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार, 'किसान' का सम्बन्ध 'खेत' में कार्य करने से है उसी प्रकार, 'कलाकार' का सम्बन्ध 'थियेटर' में कार्य करने से है।

**289. उस विकल्प का चयन करें जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**कार : गैराज :: हवाई जहाज : ?**

(a) हैंगर (b) आकाश

(c) विमान-चालक (d) विमान दौड़ पट्टी

**SSC CHSL 16/10/2020 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'कार' को 'गैराज' में रखते हैं, उसी प्रकार 'हवाई जहाज' को 'हैंगर' में रखते हैं।

**290. उस विकल्प कर चयन करें, जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो संबंध दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**विद्यालय : शिक्षा :: अस्पताल : ?**

(a) डॉक्टर (b) पुस्तकें

(c) रोग (d) चिकित्सा

**SSC CHSL 14/10/2020 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'विद्यालय' का सम्बन्ध 'शिक्षा' से है। उसी प्रकार 'अस्पताल' का सम्बन्ध 'चिकित्सा' से है।

**291. निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प को चुनिए जो निम्नलिखित शृंखला में तीसरे अक्षर समूह से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा अक्षर पहले अक्षर समूह से संबंधित है।**

**चमड़ा : जूता :: डामर : ?**

(a) कार (b) हवा
(c) पानी (d) रोड

**SSC MTS 08/08/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार, 'जूता', 'चमड़े' से बनाया जाता है। उसी प्रकार, 'रोड' 'डामर' से बनाया जाता है।
अत: विकल्प (d) सही है।

**292. निम्नलिखित विकल्पों में से उस अक्षर युग्म को चुनिए, जिनमें वही संबंध है, जो नीचे दिए गए अक्षर युग्म में है।**

**मिट्टी के बर्तन : प्याला :: वस्त्र : ?**

(a) चूहा (b) दुकानदार
(c) दुकान (d) पतलून

**SSC MTS 08/08/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'मिट्टी के बर्तन' का सम्बन्ध 'प्याला' से है उसी प्रकार 'वस्त्र' का सम्बन्ध 'पतलून' से है।

**293. निम्नलिखित विकल्पों में से उस संख्या को चुनिए जो निम्नलिखित शृंखला में तीसरी संख्या से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरी संख्या पहली संख्या से संबंधित है।**

**लीटर : आयतन :: हेक्टेयर :?**

(a) क्षेत्रफल (b) समय
(c) द्रव्यमान (d) बल

**SSC MTS 08/08/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'लीटर' में 'आयतन' मापा जाता है उसी प्रकार 'हेक्टेयर' में 'क्षेत्रफल' मापा जाता है।

**294. उस विकल्प को चुनिए जो निम्नलिखित शृंखला में तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**फिल्म : निर्माता :: कविता : ?**

(a) निर्देशक (b) अभिनेता
(c) कवि (d) मोची

**SSC MTS 08/08/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'फिल्म' बनाने वाले को निर्देशक कहते है, उसी प्रकार कविता बनाने वाले को 'कवि' कहते है।

**295. उस शब्द को चुनिए जो निम्नलिखित शृंखला में तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**जूट : थैला :: लकड़ी : ?**

(a) फर्नीचर (b) भूरा
(c) प्लास्टिक (d) कठोर

**SSC MTS 08/08/2019 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'जूट' से 'थैला' बनाया जाता है, उसी प्रकार 'लकड़ी' से 'फर्नीचर' बनाये जाते हैं।

**296. निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प को चुनिए जो निम्नलिखित शृंखला में तीसरे अक्षर समूह से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा अक्षर पहले अक्षर समूह से संबंधित है।**

**उभयचर : मेढक :: कीट :?**

(a) तितली (b) शुतमुरर्ग
(c) चूहा (d) साँप

**SSC MTS 07/08/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a)** जिस प्रकार, 'मेढक', 'उभयचर' प्राणी के अंतर्गत आते हैं, उसी प्रकार, 'तितली', 'कीट' के अंतर्गत आती है।
अत: विकल्प (a) सही है।

**297. निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प को चुनिए जो निम्नलिखित शृंखला में तीसरे अक्षर के समूह से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा अक्षर पहले अक्षर समूह से संबंधित है।**

**घोसला : पक्षी :: महल : ?**

(a) जीप (b) सैनिक
(c) बड़ा (d) राजा

**SSC MTS 07/08/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d)** जिस प्रकार 'घोंसला', 'पक्षी' का निवास स्थान है। उसी प्रकार 'महल' 'राजाओं' का निवास स्थान होता है।

**298. निम्नलिखित विकल्पों में से उस शब्द को चुनिए जो निम्नलिखित शृंखला में तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**सप्तकोण : आकृति :: पुरुष : ?**

(a) महिला (b) लिंग
(c) भाई (d) कार्य

**SSC MTS 07/08/2019 (Shift-I)**

**Ans. (b)** जिस प्रकार, 'सप्तकोण' आकृति से सम्बन्धित है, उसी प्रकार 'पुरुष' लिंग से सम्बन्धित है।

**299. निम्नलिखित विकल्पों में से उस शब्द को चुनिए जो निम्नलिखित शृंखला में तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**कार : पहिया :: घड़ी : ?**

(a) सेकण्ड (b) घण्टा
(c) सुई (d) घुमावदार

**SSC MTS 07/08/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c)** जिस प्रकार 'कार' में 'पहिया' लगा होता हैं, उसी प्रकार 'घड़ी' में 'सुई' लगी होती हैं।

**300. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जैसे दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**ईंट : दीवार :: स्वर्ण : ?**

(a) गहने (b) धातु
(c) पीला (d) ठोस

**SSC MTS 06/08/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार, 'ईंट' से 'दीवार' बनाई जाती है। उसी प्रकार, 'स्वर्ण' से 'गहने' बनाये जाते हैं।

**301. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जैसे दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**अध्याय : किताब :: हैंडल : ?**

(a) ब्रेक (b) साइकिल
(c) पैडल (d) गोल

**SSC MTS 06/08/2019 (Shift-I)**

**Ans. (b):** जिस प्रकार अध्याय का सम्बन्ध 'किताब' से है, उसी प्रकार हैंडल का सम्बन्ध 'साइकिल' से है।

**302. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**कार्यालय : लिपिक :: साइट : ?**

(a) नौकर (b) दुकानदार
(c) शिक्षक (d) इंजीनियर

**SSC MTS 06/08/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार, कार्यालय में 'लिपिक (अफसर)' जाता है, उसी प्रकार, साइट पर 'इंजीनियर' जाता है।

**303. निम्नलिखित विकल्पों में उसे चुनिए जो तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**पकड़ना : चिमटा :: खोदना : ?**

(a) कलम (b) गटर
(c) चम्मच (d) कुदाल

**SSC MTS 06/08/2019 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार किसी वस्तु को 'पकड़ने' के लिए 'चिमटा' का प्रयोग किया जाता है। उसी प्रकार 'जमीन को खोदने' के लिए 'कुदाल' का प्रयोग किया जाता है।

**304. उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।**

**इन्द्रधनुष : आकाश :: सुनामी : ?**

(a) तालाब (b) समुद्र
(c) भूमि (d) वातावरण

**SSC MTS 06/08/2019 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'आकाश' में 'इन्द्रधनुष' बनते हैं। उसी प्रकार 'समुद्र' में 'सुनामी' 'लहरें' बनती हैं। अत: विकल्प (b) सही है।

**305. निम्नलिखित विकल्पों में से उस शब्द को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**छूना : धकेलना :: बोलना : ?**

(a) त्रुटि (b) चिल्लाना
(c) उदास (d) अपराध

**SSC MTS 05/08/2019 (Shift-II)**

**Ans.** (b) जिस प्रकार, 'छूना', 'धकेलना' से संबंधित है,
उसी प्रकार, 'बोलना', 'चिल्लाना' से संबंधित है।

**306. निम्नलिखित विकल्पों में से उस शब्द को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**पानी : पीना :: रोटी : ?**

(a) कठिन (b) खाना
(c) दूध (d) सफेद

**SSC MTS 05/08/2019 (Shift-I)**

**Ans.** (b) जिस प्रकार से पानी पीने योग्य होता है, उसी प्रकार से रोटी खाने योग्य होती है।

**307. निम्नलिखित विकल्पों में से उस शब्द को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**नौकरी : वेतन :: लाभ : ?**

(a) हानि (b) व्यापार
(c) विशाल (d) विक्रेता

**SSC MTS 05/08/2019 (Shift-I)**

**Ans.** (b) जिस प्रकार नौकरी करने से वेतन प्राप्त होता है। उसी प्रकार बिजनेस (व्यापार) करने से लाभ प्राप्त होता है। अत: विकल्प (b) सही होगा।

**308. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जैसे दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**कपड़ा : मिल :: फसल : ?**

(a) मक्का (b) प्रेस
(c) फैक्टरी (d) खेत

**SSC MTS 05/08/2019 (Shift-III)**

**Ans.** (d) जिस प्रकार - कपड़ा, मिल में तैयार (बनता) होता है।
उसी प्रकार - फसल, खेत में तैयार होती है।
अत: विकल्प (d) सही होगा।

**309. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जैसे दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**रबड़ : पेंसिल :: कुर्सी : ?**

(a) बैठना (b) लकड़ी
(c) मेज (d) प्लास्टिक

**SSC MTS 05/08/2019 (Shift-III)**

**Ans.** (c) जिस प्रकार,- रबड़ और पेंसिल - स्टेशनरी के दुकान में मिलता है, उसी प्रकार - कुर्सी और मेज - फर्नीचर की दुकान में मिलता है। अत: विकल्प (c) सही होगा।

**310. उस शब्द को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**

**गुफा : शेर :: अस्तबल : ?**

(a) घोड़ा (b) कार
(c) बाघ (d) पक्षी

**SSC MTS 02/08/2019 (Shift-II)**

**Ans.** (a) जिस प्रकार 'शेर' गुफा में रहता है, उसी प्रकार 'घोड़ा' अस्तबल में रहता है।

**311. उस विकल्प को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में तीसरे पद से उसी तरह से संबंधित है जिस तरह से दूसरा पद पहले पद समूह से संबंधित है।**

**रंग : लाल :: व्यवसाय : ?**

(a) वकील (b) कचेहरी
(c) स्कूल (d) काला

**SSC MTS 02/08/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'लाल' एक रंग के अन्तर्गत आता है, उसी प्रकार वकील (वकालत) एक 'व्यवसाय' के अन्तर्गत आता है। अत: विकल्प (a) सही है।

**312. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी तरह से संबंधित है जैसे दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**
**परिधि : वृत्त :: परिमाप : ?**
(a) 3D (b) बड़ा
(c) चौड़ाई (d) वर्ग
**SSC MTS 02/08/2019 (Shift-III)**

**Ans. (d)** जिस प्रकार, वृत्त की परिधि निकाली जाती है। उसी प्रकार, वर्ग का परिमाप निकाला जाता है।

**313. उस पद का चयन करें जो तीसरे पद से उसी प्रकार सम्बन्धित है, जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से सम्बन्धित है।**
**बेल्ट : चमड़ा :: रोटी : ?**
(a) आटा (b) केक
(c) लकड़ी (d) सैंडविच
**SSC CHSL 26/10/2020 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'बेल्ट' को बनाने के लिए 'चमड़े' का प्रयोग किया जाता है। उसी प्रकार 'रोटी' को बनाने के लिए 'आटे' का प्रयोग किया जाता है।

**314. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**
**सुई : सिलाई :: बरमा : ?**
(a) खोदना (b) देखना
(c) खिलाना (d) वेधन
**SSC CHSL 18/03/2020 (Shift-III)**

**Ans. (d)** जिस प्रकार, 'सुई' से 'सिलाई' की जाती है, उसी प्रकार, 'बरमा' से 'वेधन' किया जाता है।
अत: विकल्प (d) सही होगा।

**315. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द से वहीं संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**नियमित : आकस्मिक :: वास्तविक : ?**
(a) प्रमाण योग्य (b) यथार्थ
(c) कल्पित (d) प्रमाणित
**SSC CHSL 18/03/2020 (Shift-II)**

**Ans. (c)** जिस प्रकार, नियमित का विपरीत 'आकस्मिक' होता है, उसी प्रकार, वास्तविक का विपरीत 'कल्पित' होता है।
अत: विकल्प (c) सही होगा।

**316. उस विकल्प का चयन करें जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**व्यायाम : जिमखाना :: मुक्केबाजी : ?**
(a) ट्रैक (b) कोर्ट
(c) रिंग (d) रिंक
**SSC CHSL 18/03/2020 (Shift-II)**

**Ans. (c)** जिस प्रकार, 'व्यायाम', 'जिमखाना' में किया जाता है, उसी प्रकार, 'मुक्केबाजी' को 'रिंग' में लड़ा जाता है।
अत: विकल्प (c) सही होगा।

**317. उस विकल्प का चयन करें जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**पेंटिंग : कलर :: होमवर्क : ?**
(a) नोटबुक (b) शिक्षक
(c) विद्यालय (d) स्याही
**SSC CHSL 19/03/2020 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'कलर' से 'पेंटिंग' की जाती है उसी प्रकार 'स्याही' से 'होमवर्क' किया जाता है। अत: विकल्प (d) सही होगा।

**318. उस विकल्प का चयन करें जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**दस्ताने : हाथ :: जूते : ?**
(a) घुटना (b) पैर
(c) मोची (d) चमड़ा
**SSC CHSL 19/03/2020 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'दस्ताने', 'हाथ' में पहने जाते हैं, उसी प्रकार 'जूते', 'पैर' में पहने जाते हैं।

**319. उस विकल्प का चयन करें, जिसका चौथे शब्द से वही संबंध है, जो पहले शब्द का दूसरे शब्द से है।**
**बाघ : बिल्ली : : ? : कुत्ता**
(a) तेंदुआ (b) लोमड़ी
(c) शेर (d) बनविलाव
**SSC CHSL 14/10/2020 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'बाघ, बिल्ली परिवार का मांसाहारी स्तन पायी पशु है उसी प्रकार 'लोमड़ी' भी 'कुत्ता' प्रजाति का जीव है।

**320. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**कार्य : जूल :: क्षेत्रफल : ?**
(a) परिमाप (b) लंबाई
(c) हेक्टेयर (d) रेडियन
**SSC CHSL 12/10/2020 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'कार्य' का मात्रक 'जूल' होता है, उसी प्रकार 'क्षेत्रफल' का मात्रक 'हेक्टेयर' होता है।

**321. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में संबंधित शब्द चुनिए।**
**आँखे : देखना : : मुँह : ?**
(a) सुनना (b) खाना
(c) चलना (d) उठाना
**SSC MTS 7-10-2017 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार आँखों का सम्बन्ध देखने से है। उसी प्रकार मुँह का सम्बन्ध खाने से होगा।

**322. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द को चुनिए।**
**आलस्य : सतर्कता : आलसी : ?**
(a) परिश्रमी (b) कायर
(c) अनभिज्ञता (d) अशुद्ध
**SSC MTS 9-10-2017 (Shift-III)**

**Ans : (a)** जिस प्रकार आलस्य (Lethargy) का विलोम सतर्कता (Alertness) है। उसी प्रकार से आलसी (Lazy) का विलोम परिश्रमी (Industrious) होता है।

**323. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द को चुनिए।**
**कलम : कागज :: हथौड़ा : ?**
(a) कील (b) प्रहार
(c) पीसना **(d)** छेद
**SSC MTS 9-10-2017 (Shift-I)**

**Ans : (a)** जिस प्रकार 'कलम' 'कागज' से सम्बन्धित है उसी प्रकार 'हथौड़ा' 'कील' से सम्बन्धित है।

**324. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द को चुनिए।**
**सरसों : बीज : : फूलगोभी : ?**
(a) फल (b) सफेद
(c) सब्जी (d) मैदान
**SSC MTS 10-10-2017 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार सरसों, बीज के अन्तर्गत आती है उसी प्रकार फूलगोभी, सब्जी के अन्तर्गत आती है।

**325. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द को चुनिए।**
**मदिरा: मद्यनिर्माणशाला :: सिक्का:?**
(a) लॉकर (b) बटुआ
(c) टकसाल (d) तिजोरी
**SSC MTS 10-10-2017 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार मदिरा, मद्यनिर्माणशाला में तैयार की जाती है। उसी प्रकार सिक्का, टकसाल में तैयार किया जाता है।

**326. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द को चुनिए।**
**बल : न्यूटन : क्षेत्रफल : ?**
(a) हर्ट्ज (b) आयतन
(c) मीटर (d) हेक्टेयर
**SSC MTS 10-10-2017 (Shift-I)**

**Ans : (d)** जिस प्रकार बल को न्यूटन से मापते है उसी प्रकार क्षेत्रफल को हेक्टेयर से मापते है।

**327. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द को चुनिए।**
**कुर्सी : बैठना : : पलंग : ?**
(a) लकड़ी (b) लोहा
(c) सोना (d) गद्दा
**SSC MTS 11-10-2017 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'कुर्सी' 'बैठने' के लिए होती है उसी प्रकार 'पलंग' 'सोने' के लिए होता है।

**328. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द को चुनिए।**
**ठंडा: गर्म :: संदिग्ध:?**
(a) असंदिग्ध (b) अप्रसन्न
(c) संबंध (d) लम्बा
**SSC MTS 11-10-2017 (Shift-III)**

**Ans. (a)** जिस प्रकार ठंडा का विलोम गर्म होता है उसी प्रकार संदिग्ध का विलोम असंदिग्ध होता है। अत: विकल्प (a) सही है।

**329. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द को चुनिए?**
**निष्कर्ष : प्राक्कथन :: विदाई : ?**
(a) मिलना (b) स्वीकृति
(c) अभिवादन (d) अनुमति
**SSC MTS 11-10-2017 (Shift-I)**

**Ans : (c)** जिस प्रकार ''निष्कर्ष'' का सम्बन्ध ''प्राक्कथन'' है उसी प्रकार ''विदाई'' का सम्बन्ध ''अभिवादन'' से है।
अत: विकल्प (c) सही है।

**330. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**सियार : हुआँ-हुआँ : : बारिश : ?**
(a) ऊधम (b) गरज
(c) टिपटिप (d) बूँदें
**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 04/03/2020 (Shift-I)**

**Ans. (c)** जिस प्रकार सियार हुआँ-हुआँ की आवाज करता है, उसी प्रकार बारिश टिपटिप की आवाज करती है।

**331. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**मंत्री : परिषद : : नाविक : ?**
(a) समुद्र (b) चालकदल (क्रू)
(c) कप्तान (d) जहाज
**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 05/03/2020 (Shift-I)**

**Ans. (b)** जिस प्रकार मंत्रियों के एक विशेष समूह को परिषद कहते हैं। उसी प्रकार नाविकों के विशेष समूह को चालकदल (क्रू) कहते हैं।

**332. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**फसल : किसान : : भोजन : ?**
(a) बर्तन (b) सब्जियाँ
(c) बावर्ची (d) रसोईघर
**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 06/03/2020 (Shift-II)**

**Ans. (c)** जिस प्रकार फसल की बुआई किसान करते हैं उसी प्रकार भोजन बनाने का कार्य बावर्ची करते हैं।

**333. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**मनोरंजक : आनंदातिरेक : : नम : ?**
(a) तरबतर (b) सूखाना
(c) उमस (d) पानी
**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 07/03/2020 (Shift-I)**

**Ans. (a)** जिस प्रकार मनोरंजक का अतिशयोक्ति (High Degree) आनंदातिरेक है, उसी प्रकार नम का अतिशयोक्ति (High Degree) तरबतर है।

**334. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी तरह संबंधित है जैसे दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।**
**अदरक : तना : : मिर्च : ?**
(a) जड़ (b) फूल
(c) फल (d) तना
**SSC CHSL (Tier-I) –09/07/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c):** जिस प्रकार अदरक 'तना' है उसी प्रकार मिर्च 'फल' है।

**335. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है जैसे दूसरा पद पहले पद से संबंधित है–**
**प्रसन्न : आनंदित : : उदास : ?**
(a) संतुष्ट (b) आनंदपूर्ण
(c) विषाद-ग्रस्त (d) विनोदपूर्ण
**SSC CGL (Tier-I) – 06/06/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c):** जिस प्रकार जब व्यक्ति 'प्रसन्न' होता है तो उसे 'आनन्द' की अनुभूति होती है उसी प्रकार जब 'उदास' होता है तो विषाद-ग्रस्त हो जाता है।

**336. निम्नलिखित में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से उसी तरह संबंधित है जिस तरह से दूसरा शब्द प्रथम शब्द से संबंधित है–**

**आलू : स्टार्च :: स्टीविया : ?**

(a) मक्खन (b) दूध
(c) नमक (d) चीनी

**SSC CGL (Tier-I) – 11/06/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार Potato (आलू) में 'स्टार्च' पाया जाता है, उसी प्रकार, Stevia (मीठी तुलसी) में Sugar (चीनी) पायी जाती है।

**337. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।**

**ऊँट : हौदा : घोड़ा : ?**

(a) काठी (जीन) (b) रथ
(c) खुर (d) सीट

**SSC CPO-SI – 09/12/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a)** जिस प्रकार हौदा, ऊँट से सम्बन्धित होता है उसी प्रकार काठी, घोड़ा से सम्बन्धित होता है।

**338. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।**

**दीवार : ईंट :: कपड़ा : ?**

(a) डिजाईन (b) स्कर्ट
(c) सूत (d) मिल

**SSC CPO-SI – 09/12/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c)** जिस प्रकार दीवार, ईंट से बनाई जाती है।
उसी प्रकार कपड़ा, सूत से बनाया जाता है।

**339. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद के साथ वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है।**

**बैले : नृत्य-निर्देशक :: कपड़े : ?**

(a) दर्जी (b) प्रिंटर
(c) निर्माता (d) दुकानदार

**SSC CPO-SI – 09/12/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a)** जिस प्रकार बैले (एक प्रकार नृत्य प्रदर्शन) का सम्बन्ध नृत्य-निर्देशक से है उसी प्रकार कपड़े का सम्बन्ध दर्जी से होगा।

**340. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द के साथ वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**शक्ति : वाट : : दाब : ?**

(a) न्यूटन (b) ओम
(c) डिग्री (d) पास्कल

**SSC CPO-SI – 12/12/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d)** जिस प्रकार 'शक्ति' का मात्रक 'वाट' होता है। उसी प्रकार 'दाब' का मात्रक 'पास्कल' होता है।

**341. दिए गए विकल्पों में उस शब्द का चयन करें जो दिये गये शब्दों के समान है और इसलिए उसी समूह से संबंधित है।**

**मगरमच्छ:साँप::गोधा:?**

(a) तारामीन (b) गिरगिट
(c) भेक (d) मेंढक

**SSC CPO-SI – 12/12/2019 (Shift-II)**

**Ans. (b)** जिस प्रकार, मगरमच्छ और साँप दोनों सरीसृप वर्ग से सम्बन्धित है, उसी प्रकार 'गोधा' और 'गिरगिट' ये दोनों भी सरीसृप वर्ग से सम्बन्धित हैं।

**342. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द के साथ वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**द्वीप : समुद्र : : मरु उद्यान : ?**

(a) हवा (b) पर्वत
(c) मरुभूमि (d) पेड़

**SSC CPO-SI – 13/12/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c)** जिस प्रकार द्वीप ऐसे स्थलखण्ड होते हैं जिनके चारों ओर जल (समुद्र) का विस्तार पाया जाता है। उसी प्रकार मरुद्यान, मरुभूमि में पाया जाता है।

**343. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे शब्द के साथ वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**बेटा : बेटी :: बारहसिंघा :?**

(a) मृग (b) हिरण-शावक
(c) अमेरिकी हिरण (d) हिरणी

**SSC CPO-SI – 13/12/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d)** जिस प्रकार, 'बेटा' पुल्लिंग शब्द है और 'बेटी' स्त्रीलिंग शब्द है। उसी प्रकार 'बारहसिंघा' पुल्लिंग शब्द है 'हिरणी' स्त्रीलिंग शब्द होगा।

**344. दिए गए विकल्पों में से उस शब्द का चयन करें जो दिए गए शब्दों के समान है और इसलिए उसी समूह से संबंधित है।**

**किकियाना : क्वैक :: कुड़कुड़ाना**

(a) बोलना (b) टर्राना
(c) ध्वनि (d) आवाज़

**SSC CPO-SI – 11/12/2019 (Shift-I)**

**Ans. (b)** जिस प्रकार, 'किकियाना', 'क्वैक' से संबंधित है उसी प्रकार, 'कुड़कुड़ाना', 'टर्राना' से संबंधित है।

**345. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद के साथ वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले से है।**

**खेत : कृषक :: वेधशाला : ?**

(a) खगोलविद (b) अंतरिक्ष यात्री
(c) दूरबीन (d) तारे

**SSC CPO-SI – 11/12/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a)** जिस प्रकार खेतों में किसान (कृषक) कार्य करते हैं।
उसी प्रकार प्रयोगशाला में खगोलविद कार्य करते हैं।

**346. उस विकल्प का चयन करें जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**

**दवा : रोग : : भोजन : ?**

(a) पोषण (b) प्यास
(c) ऊर्जा (d) भूख

**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 03/03/2020 (Shift-I)**

**Ans. (d)** जिस प्रकार रोग होने पर दवा ली जाती है उसी प्रकार भूख लगने पर भोजन किया जाता है।

**347. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।**

**एड्स : विषाणु : : मलेरिया : ?**

(a) विषाणु (b) सूत्रकृमि
(c) परजीवी (d) जीवाणु

**SSC CHSL 13/10/2020 (Shift-III)**

**Ans. (c)** जिस प्रकार 'एड्स', 'विषाणु' जनित रोग है उसी प्रकार 'मलेरिया', 'परजीवी' जनित रोग है।

## Type-III अर्थपूर्ण शब्द-युग्म पर आधारित प्रश्न

**348. उस शब्द-युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए शब्दों के युग्म में व्यक्त किए गए समान संबंध का सबसे अच्छा निरूपण करता है।**
**(शब्दों को अर्थपूर्ण हिंदी शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और उन्हें शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजन/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं किया जाना चाहिए।)**

**कैंची : कपड़ा**

(a) उस्तरा : दाढ़ी (b) भट्टी : धुआं
(c) कील : हथौड़ा (d) कलम : स्याही

**SSC MTS 08/09/2023 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार कैंची का संबंध कपड़ा काटने से होता है। ठीक उसी प्रकार उस्तरा का संबंध दाढ़ी काटने से होता है।

**349. उस शब्द-युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए शब्दों के युग्म में व्यक्त किए गए समान संबंध का सबसे अच्छा निरूपण करता है।**
**(शब्दों को अर्थपूर्ण हिंदी शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और उन्हें शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजन/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं किया जाना चाहिए।)**

**परावर्तन : प्रकाश**

(a) फिल्म : दृश्य (b) भावना : संवेदना
(c) परितारिका : दृष्टि (d) प्रतिध्वनि : ध्वनि

**SSC MTS 01/09/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार, प्रकाश का परावर्तन होता है, उसी प्रकार ध्वनि की प्रतिध्वनि होती है। अतः विकल्प (d) है।

**350. ( :: ) के बाईं ओर दिए गए शब्द आपस में किसी तर्क/नियम/संबंध द्वारा संबंधित है। समान तर्क/नियम/संबंध के आधार पर दिए गए विकल्पों में से ( :: ) के दाईं ओर लुप्त शब्द/ शब्द युग्म को चुनिए।**

**तलवार : योद्धा : : ?**

(a) औजार : मूर्तिकार (b) राजमिस्त्री : साहुल सूत्र
(c) कुल्हाड़ी : लकड़हारा (d) दर्जी : सुई

**SSC MTS 04/05/2023 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'तलवार' का संबंध 'योद्धा' से है, ठीक उसी प्रकार 'कुल्हाड़ी' का 'लकड़हारा' से है।

**351. Select the pair that follows the same pattern as that followed by the given two sets of pairs. Both pairs follow the same pattern.**
**उस युग्म का चयन करें, जो दिए गए दोनों शब्द-युग्मों के समान पैटर्न का पालन करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का पालन करते हैं।**

**JIG : TSQ**
**POM : ZYW**

(a) LJH : OPQ (b) DEB : FED
(c) ABD : IJG (d) CBZ : MLJ

**SSC JE Civil 10/10/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार,




तथा




उसी प्रकार, विकल्प (d) से-




अतः विकल्प (d) सही है।

**352. उस शब्द का चयन कीजिए, जिसमें दिए गए दोनों शब्द एक दूसरे से उसी तरह से संबंधित हैं, जिस तरह दिए गए युग्म के दोनों शब्द एक दूसरे से संबंधित हैं।**
**(शब्दों पर अंग्रेजी के सार्थक शब्द के रूप में विचार किया जाना चाहिए, और वे शब्द, शब्द में अक्षरों/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होने चाहिए।)**

**अर्जेंटीना : पेसो**

(a) रूसः बाथ (b) नेपाल : क्यात
(c) बांग्लादेश : शिलिंग (d) जापान : येन

**SSC JE Civil 10/10/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार, अर्जेंटीना की राष्ट्रीय मुद्रा 'पेसो' है उसी प्रकार जापान की राष्ट्रीय मुद्रा 'येन' है।

**353. उस शब्द युग्म का चयन कीजिए, जिसमें दिए गए दोनों शब्द एक दूसरे से उसी तरह से संबंधित हैं, जिस तरह दिए गए युग्म के दोनों शब्द एक दूसरे से संबंधित हैं।**
**(शब्दों को सार्थक शब्द माना जाना चाहिए, और शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होना चाहिए।)**
**Propagate : Disseminate**
**प्रचार : प्रसार**
(a) पवित्र : अपवित्र (b) तीव्रता : जड़ता
(c) पूजनीय : दिव्य (d) तत्पर : दमित
**SSC JE Mechanical 11/10/2023 (Shift-II)**

**Ans. (c):** जिस प्रकार, 'प्रचार ( Propagate)' प्रसार (Disseminate)' एक दूसरे के समानार्थी शब्द हैं उसी प्रकार 'पूजनीय (Sublime)', 'दिव्य (Divine)' एक दूसरे के समानार्थी शब्द हैं।

**354. उस शब्द युग्म का चयन कीजिए, जिसमें दिए गए दोनों शब्द एक दूसरे से उसी तरह से संबंधित हैं, जिस तरह दिए गए युग्म के दोनों शब्द एक दूसरे से संबंधित हैं।**
**(शब्दों को सार्थक शब्द के रूप में विचार किया जाना चाहिए, और वे शब्द, शब्द में अक्षरों/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होने चाहिए।)**
**आलू : मूल**
(a) गेहूँ **:** दालें (b) दूध **:** प्रोटीन
(c) काली मिर्च **:** मसाला (d) मक्खन **:** दूध
**SSC JE Civil 11/10/2023 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार आलू एक मूल है उसी प्रकार काली मिर्च एक मसाला है।

**355. उस शब्द युग्म का चयन कीजिए, जिसमें दिए गए दोनों शब्द एक दूसरे से उसी तरह से संबंधित है, जिस तरह दिए गए युग्म के दोनों शब्द एक दूसरे सें संबंधित हैं।**
**(शब्दों पर सार्थक शब्द के रूप में विचार किया जाना चाहिए, और वे शब्द, अक्षरों/व्यंजनों/ स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होने चाहिए)।**
**चारपाई :लकड़ी**
(a) स्टोव : गैस (b) कपड़ा : कपास
(c) बर्तन : पकाना (d) आभूषण : पैर
**SSC JE Civil 09/10/2023 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार चारपाई बनाने के लिए लकड़ी का उपयोग किया जाता है। ठीक उसी प्रकार कपड़ा बनाने में कपास का प्रयोग धागा बनाकर किया जाता है।
अतः विकल्प (b) सही है।

**356. उस शब्द-युग्म का चयन करें, जो नीचे दिए गए शब्द-युग्म में व्यक्त किए गए संबंध के समान संबंध को सर्वोत्तम ढंग से निरूपित करता है। (शब्दों को सार्थक शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए, और शब्द, उनमें अक्षरों की संख्या/व्यंजन/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं होना चाहिए।)**
**अराजकता : शांति**
(a) शोक मनाना : विलाप करना
(b) उत्पन्न : उत्पादन
(c) धीरे-धीरे : अचानक
(d) गहरा : गहन
**SSC JE Mechanical 09/10/2023 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार, अराजकता का विलोम शांति होता है। उसी प्रकार, विकल्प (c) में धीरे-धीरे का विलोम अचानक होता है।

**357. उस शब्द-युग्म का चयन करें, जो नीचे दिए गए शब्द-युग्म में व्यक्त किए गए संबंध के समान संबंध को सर्वोत्तम ढंग से निरूपित करता है।**
**(शब्दों को सार्थक शब्द माना जाना चाहिए, और इनका परस्पर संबंध शब्द के अक्षरों की संख्या/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर नहीं होना चाहिए।)**
**डेनवर : कोलोराडो**
(a) कैनबरा : ऑस्ट्रेलिया (b) मैसूर : कर्नाटक
(c) लखनऊ : उत्तर प्रदेश (d) दिल्ली : भारत
**SSC JE Mechanical 09/10/2023 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार डेनवर, 'कोलोराडो' (राज्य) की राजधानी है उसी प्रकार, लखनऊ,'उत्तर प्रदेश' (राज्य) की राजधानी है।

**358. उस शब्द युग्म का चयन कीजिए, जिसमें दिए गए दोनों शब्द एक दूसरे से उसी तरह से संबंधित हैं, जिस तरह दिए गए युग्म के दोनों शब्द एक दूसरे से संबंधित हैं।**
**(शब्दों को सार्थक शब्द माना जाना चाहिए, और शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं किए जाने चाहिए)**
**नमक : सोडियम**
(a) कार : पेट्रोल (b) कागज : लकड़ी
(c) पादप : वृक्ष (d) जल : हाइड्रोजन
**SSC JE Mechanical 09/10/2023 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार नमक में सोडियम मौजूद होता है उसी प्रकार जल में हाइड्रोजन मौजूद होता है। अतः विकल्प (d) सही है।

**359. ( :: ) के बाईं ओर दिए गए शब्द आपस में किसी तर्क/नियम/सम्बंध द्वारा सम्बन्धित है। समान तर्क/नियम/सम्बंध के आधार पर दिए गए विकल्पों में से ( :: ) के दाई ओर लुप्त शब्द युग्म को चुनिए।**
**वर्ग : चार :: ?**
(a) छः : षट्भुज (b) त्रिभुज : पाँच
(c) आयत : चार (d) पाँच : पंचभुज
**SSC CHSL (Tier-I) 16/03/2023 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार, वर्ग चार भुजाओं से मिलकर बना होता है, उसी प्रकार, आयत चार भुजाओं से मिलकर बना होता है।

**360. (::) के बायीं ओर दिए गए शब्द एक – दूसरे से किसी तर्क/नियम/संबंध से संबंधित हैं। उसी तर्क/नियम/संबंध के आधार पर दिए गए विकल्पों में से (::) के दाई ओर लुप्त शब्द/शब्द युग्म को चुनिए।**
**डिज़ाइन : वास्तुकार :: ?**
(a) संपादक : अखबार (b) किताब : कविता
(c) जूते : कवि (d) फर्नीचर : बढ़ई
**SSC CHSL (Tier-I) 09/03/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d):** जिस प्रकार 'डिजाइन' का सम्बन्ध 'वास्तुकार' से है। उसी प्रकार 'फर्नीचर' का सम्बन्ध 'बढ़ई' से है।

**361. (::) के बायीं ओर दिए गए शब्द एक-दूसरे से किसी तर्क/नियम/संबंध से संबंधित हैं। उसी तर्क/ नियम/ संबंध के आधार पर दिए गए विकल्पों में से (::) के दाई ओर लुप्त शब्द/शब्द युग्म को चुनिए।**

**साइटः इंजीनियर : : ?**

(a) परिचारक : रेस्तरां (b) ग्रोसरी : दुकान
(c) वैज्ञानिक : प्रयोगशाला (d) घर : नौकर

**SSC CHSL (Tier-I) 10/03/2023 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'साइट' का सम्बन्ध 'इंजीनियर' से है, उसी प्रकार 'घर' का सम्बन्ध 'नौकर' से हैं।

**362. (::) के बायीं ओर दिए गए शब्द एक-दूसरे से किसी तर्क/नियम/संबंध से संबंधित हैं। उसी तर्क/ नियम/ संबंध के आधार पर दिए गए विकल्पों में से (::) के दाई ओर लुप्त शब्द/शब्द युग्म को चुनिए।**

**घोड़ा : घोड़ी :: ?**

(a) भतीजा : चाचा (b) पुत्र : पिता
(c) भाई : बहन (d) गाय : बैल

**SSC CHSL (Tier-I) 21/03/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'घोड़ा' का स्त्रीलिंग 'घोड़ी' होता है, ठीक उसी प्रकार 'भाई' का स्त्रीलिंग 'बहन' होता है।

**363. उस शब्द युग्म का चयन करे जिसमें शब्द उसी प्रकार सम्बन्धित है जैसे निम्नलिखित युग्म में शब्द सम्बन्धित है।**

**आर्द्रतामपी : आर्द्रता**

(a) धर्मामीटर : रक्त दाब (b) एनीमोमीटर : धारा
(c) स्क्रू गेज : ऊष्मा (d) अमीटर : विद्युत धारा

**SSC CHSL (Tier-I) 20/03/2023 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'Hygrometer (आर्द्रतामापी)' 'Humidity (आर्द्रता)' मापने का यंत्र है, ठीक उसी प्रकार 'Ammeter (अमीटर)' 'Electric current' (विद्युत धारा) मापने का यंत्र है।

**364. (::) के बायीं ओर दिए गए शब्द एक-दूसरे से किसी तर्क/नियम/संबंध से संबंधित हैं। उसी तर्क/ नियम/ संबंध के आधार पर दिए गए विकल्पों में से (::) के दाई ओर लुप्त शब्द/शब्द युग्म को चुनिए।**

**कुत्ता : कुतिया :: ?**

(a) मुर्गा : मुर्गी (b) स्टेलियन : घोड़ा
(c) चुड़ैल : जादूगर (d) गाय : बैल

**SSC CHSL (Tier-I) 17/03/2023 (Shift-IV)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'Dog (कुत्ता)' का स्त्रीलिंग 'Bitch' (कुतिया) है। ठीक उसी प्रकार 'Cock (मुर्गा)' का स्त्रीलिंग 'Hen' (मुर्गी) है।

**365. उस शब्द-युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए शब्दों के युग्म में व्यक्त किए गए समान संबंध का निरुपण नहीं करता है।**

**( शब्दों को अर्थपूर्ण ) हिंदी शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और उन्हें शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजन/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं किया जाता चाहिए। )**

(a) दुःख : प्रसन्नता (b) विचारशील : निष्ठाहीन
(c) कम होना : सिकुड़ना (d) उच्च : निम्न

**SSC CHSL (Tier-I) 10/08/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** विकल्प (c) को छोड़कर शेष विकल्पों में दिये गये शब्द युग्म एक दूसरे के विपरीतार्थक शब्द है, जबकि विकल्प (c) में नही है। अतः विकल्प (c) समान सम्बंध निरूपित नहीं करता है।

**366. उस शब्द-युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए शब्दों के युग्म में व्यक्त किए गए समान संबंध का सबसे अच्छा निरुपण करता है।**

**( शब्दों को अर्थपूर्ण हिन्दी शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और उन्हें शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजन/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं किया जाना चाहिए। )**

**धारण करना : थामना**

(a) कपटी : उपकक्ष (b) मूर्ख : लिपि
(c) धुंधला : अजगर (d) विषमता : असमानता

**SSC CHSL (Tier-I) 09/08/2023 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार, 'धारण करना' तथा 'थामना' समान अर्थ प्रकट करते है, उसी प्रकार विषमता और 'असमानता' भी समान अर्थ प्रकट करते है।

**367. उस शब्द-युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए शब्दों के युग्म में व्यक्त किए गए समान संबंध का सबसे अच्छा निरूपण करता है।**

**पुर्तगालः लिस्बन**

(a) न्यूजीलैंड : कैनबरा (b) तुर्कीः इस्तांबुल
(c) मोज़ाम्बीक : मटोला (d) इटली : रोम

**SSC CGL (Tier-I) 24/07/2023 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'पुर्तगाल' की राजधानी 'लिस्बन' है ठीक उसी प्रकार 'इटली' की राजधानी 'रोम' है।

**368. उस शब्द-युग्म को चयन कीजिए जो नीचे दिए गए शब्दों के युग्म में व्यक्त किए गए समान संबंध का सबसे अच्छा निरूपण करता है।**

**(शब्दों को अर्थपूर्ण हिंदी शब्दों के रूप मे माना जाना चाहिए और उन्हें शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजन/स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं किया जाना चाहिए। )**

**कड़वा : कसैला**

(a) सेब का आसव : चलचित्र
(b) अंकीकरण : विषयांतर
(c) उल्लेख करना : पक्षाभ
(d) चकित होना : आश्चर्य होना

**SSC CHSL (Tier-I) 17/08/2023 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'कड़वा' का अर्थ है 'कसैला' ठीक उसी प्रकार 'चकित होना' का अर्थ है 'आश्चर्य होना'।

**369. उस विकल्प का चयन करें, जिसमें शब्द एक दूसरे से उसी प्रकार संबंधित हैं, जिस प्रकार वे दिए गए शब्द युग्म में एक दूसरे से संबंधित हैं।**

**जाम्बिया : लुसाका**

(a) बहरीन : मनामा (b) भूटान : ढाका
(c) इज़राइल : तेहरान (d) कुवैत : सियोल

**SSC CHSL 12/08/2021 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार, जाम्बिया की राजधानी 'लुसाका' है, उसी प्रकार, बहरीन की राजधानी 'मनामा' है।

**370. उस शब्द-युग्म का चयन करें जिसके दोनों शब्द आपस में उसी तरह से संबंधित हैं जिस तरह से निम्नलिखित शब्द युग्म के दोनों शब्द आपस में संबंधित है।**

**भाषा : तेलुगु**

(a) समाज : सेवा (b) महाद्वीप : एशिया
(c) वाहन : मैकेनिक (d) हिन्दी : भारत

**SSC CHSL 04/08/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'तेलुगु' एक 'भाषा' है, उसी प्रकार 'एशिया' एक महाद्वीप है।

**371. उस विकल्प का चयन करें, जिसमें शब्द एक दूसरे से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दिए गए शब्द युग्म में एक दूसरे से संबंधित है।**

**क्रोध : भावना**

(a) मेज : लकड़ी (b) खरगोश : स्तनपायी
(c) सजगता : साहस (d) घास : लॉन

**SSC CHSL 15/04/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b)** जिस प्रकार 'क्रोध' एक प्रकार की 'भावना' है। उसी प्रकार 'खरगोश' एक प्रकार का 'स्तनपायी' है।

**372. उस शब्द-युग्म का चयन करें जिसमें दोनों शब्द ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं, जिस प्रकार निम्न शब्द-युग्म में दोनों शब्द संबंधित हैं।**

**चम्मच : बर्तन**

(a) स्कूटर : वाहन (b) बस : यात्री
(c) घर : व्यय (d) रसोई घर : खाना बनाना

**SSC CHSL 12/04/2021 (Shift-I)**

**Ans. (a)** जिस प्रकार, 'चम्मच' बर्तन के अन्तर्गत आता है। उसी प्रकार 'स्कूटर' वाहन के अन्तर्गत आता है।

**373. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसके शब्दों के मध्य वही संबंध है, जो दिए गए शब्द-युग्म के शब्दों के मध्य है।**

**खगोल विद्या : ग्रह**

(a) भाषा विज्ञान : संरचना (b) मनोविज्ञान : कोशिकाएं
(c) मुद्राशास्त्र : सिक्के (d) भूकंप-विज्ञान : थिएटर

**SSC CHSL 12/08/2021 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार, खगोल विद्या (शास्त्र) में 'ग्रहों' का अध्ययन किया जाता है। उसी प्रकार, मुद्रा शास्त्र मे 'सिक्कों' का अध्ययन किया जाता है।

**374. उस विकल्प का चयन करें, जिसमें शब्द एक दूसरे से ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं, जिस प्रकार दिए गए शब्द युग्म के शब्द एक दूसरे से संबंधित हैं।**

**भेड़ : मेमना**

(a) तेंदुआ : लार्वा (b) पांडा : इन्फेंट
(c) कौआ : सिंहशावक (d) गाय : बछड़ा

**SSC CHSL 12/08/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d):** जिस प्रकार भेड़ के बच्चें को 'मेमना' कहते हैं, उसी प्रकार गाय के बच्चे को 'बछड़ा' कहते हैं।

**375. उस विकल्प का चयन करें, जिसमें शब्द ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं, जिस प्रकार दिए गए शब्द युग्म के शब्द संबंधित हैं।**

**लीबिया : त्रिपोली**

(a) हरारे : ज़िम्बाब्वे (b) कंपाला : युगांडा
(c) ज़ाम्बिया : लुसाका (d) अफ़गानिस्तान : जकार्ता

**SSC CHSL 11/08/2021 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार, लीबिया की राजधानी 'त्रिपोली' है, उसी प्रकार, जाम्बिया की राजधानी 'लुसाका' है।

**376. उस विकल्प का चयन करें, जिसमें शब्द ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं, जिस प्रकार दिए गए शब्द युग्म के शब्द संबंधित हैं।**

**मच्छर : स्वार्म ( झुंड )**

(a) सर्प : स्लूथ (गुप्तचर) (b) बंदर : प्राइड (गर्व)
(c) शार्क : स्कूल (d) बिल्ली : मर्डर (हत्या)

**SSC CHSL 05/08/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार मच्छरों के झुण्ड को 'स्वार्म (झुंड)' कहा जाता है, उसी प्रकार 'शार्क (मछली)' के समूह को 'स्कूल' कहा जाता है। अतः विकल्प (c) सही है।

**377. उस शब्द–युग्म का चयन करें जिसमें दो शब्द उसी तरह से संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित शब्द–युग्म में दो शब्द संबंधित है–**

**व्यापारी : व्यापार**

(a) वकील : न्यायालय (b) अभियांत्रिकी : विज्ञान
(c) चिकित्सक : उपचार (d) वैज्ञानिक : विशेषज्ञ

**SSC CHSL (Tier-I) –09/07/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार, व्यापारी व्यापार करता है, उसी प्रकार चिकित्सक उपचार करता है।

**378. निम्नलिखित दिए गए विकल्पों में से उस शब्द युग्म का चयन कीजिए जो आपस में उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार नीचे लिखे गए शब्द युग्म आपस में संबंधित है–**

**चीन : बीजिंग : ........... : ........**

(a) ईराक : बगदाद (b) डॉलर : अमेरिका
(c) स्वीडन : मैड्रिड (d) जापान : येन

**SSC CGL (Tier-I) – 19/06/2019 (Shift-III)**

**Ans. (a)** जिस प्रकार, 'चीन' की राजधानी 'बीजिंग' है। उसी प्रकार, 'ईराक' की राजधानी 'बगदाद' है।

**379. उस विकल्प का चयन करें, जिसमें शब्द उसी प्रकार संबंधित हैं, जिस प्रकार वे दिए गए युग्म में संबंधित है।**

**ऐमीटर : विद्युत धारा**

(a) दाब : बैरोमीटर (b) हाइग्रोमीटर : आर्द्रता
(c) ध्रुवणमापी : चरण (d) घनत्व : लैक्टोमीटर

**SSC CHSL 04/08/2021 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार, विद्युत धारा को एमीटर से मापते हैं। उसी प्रकार आर्द्रता को हाइग्रोमीटर से मापते हैं।

**380. उस विकल्प का चयन करें जिसमें शब्द उसी रिश्ते को साझा करते हैं जो दिए गए शब्द युग्म द्वारा साझा किया गया है।**

**प्रामाणिक : अप्रामाणिक**

(a) आवेगशील : स्वाभाविक (b) ग्रहण : अस्वीकार
(c) आज्ञाधीन : दुराग्रही (d) दानशीलता : उदारता

**SSC JE Civil – 23/03/2021 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार प्रामाणिक एवं अप्रामाणिक एक दूसरे के विलोम हैं उसी प्रकार आज्ञाधीन, दुराग्राही एक दूसरे के विलोम हैं।

**381. नीचे दिए विकल्पों में से उस अक्षर युग्म को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह के स्थान पर आएगा।**

**जाल : मकड़ी :: ?**

(a) घोसला : चिड़िया (b) महल : चूहा
(c) अपराधी : जेल (d) मांद : एस्किमो

**SSC MTS 08/08/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार मकड़ी (स्पाइडर) रहने के लिए जाल बनाती है उसी प्रकार चिड़िया रहने के लिए घोंसाला बनाती है।

**382. उस विकल्प का चयन करें जिसमें शब्दों के बीच वहीं संबंध है जो दिए गए युग्म के शब्दों के बीच है।**

**एनेमोमीटर : वायु**

(a) बैरोमीटर : गहराई (b) सिस्मोग्राफ : भूकम्प
(c) स्केल : धारा (d) ओडोमीटर : दाब

**SSC CPO-SI – 13/12/2019 (Shift-I)**

**Ans.** (b) जिस प्रकार, एनेमोमीटर यंत्र का प्रयोग वायु की गति मापने के लिए किया जाता है।
उसी प्रकार, सिस्मोग्राफ यंत्र का प्रयोग भूकंप की तीव्रता मापने के लिए किया जाता है।

**383. निम्नलिखित विकल्पों में से उस शब्द युग्म का चयन कीजिए जो आपस में उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार नीचे लिखे गए शब्द युग्म आपस में संबंधित है-**

**पाँव : मोजे**

(a) पैर : बनियान (b) सिर : पगड़ी
(c) पेट : पैंट (d) उगली : नाखून

**SSC CGL (Tier-I) – 10/06/2019 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार 'पाँव' में 'मोजे' पहने जाते है।
उसी प्रकार 'सिर पर पगड़ी' बांधी जाती है।

**384. उस विकल्प का चयन करें जिसमें शब्दों के बीच वही संबंध है जो दिए गए शब्दों के युग्म के बीच है।**

**बैरोमीटर : दाब**

(a) थर्मामीटर : आयतन (b) एमीटर : विद्युत धारा
(c) स्केल : सेकंड्स (d) वोल्टमीटर : ताप

**SSC CPO-SI – 13/12/2019 (Shift-II)**

**Ans.** (b) जिस प्रकार दाब को मापने के लिये बैरोमीटर का प्रयोग करते हैं, उसी प्रकार विद्युत धारा को मापने के लिए एमीटर का प्रयोग करते हैं।

**385. उस विकल्प का चयन करें जिसमें निम्नलिखित शब्द उसी तरह से संबंधित हैं जो संबंध दिए गए शब्दों के युग्म का है।**

**थकान : आराम**

(a) भोजन : भूख (b) पानी : प्यास
(c) रोग : औषधि (d) अंधेरा : रात

**SSC CPO-SI – 12/12/2019 (Shift-I)**

**Ans.** (c) जिस प्रकार थकान होने पर आराम की आवश्यकता होती है उसी प्रकार रोग होने पर औषधि की आवश्यकता होती है।

**386. उस विकल्प का चयन करें जिसमें निम्नलिखित शब्द उसी तरह संबंधित हैं जो संबंध दिए गए शब्दों के युग्म का है।**

**पत्तियाँ : सरसराहट**

(a) सियार : गर्जन (b) बारिश : टिप-टिप
(c) नगाड़ा : झनक (d) घंटी : मंदिर

**SSC CPO-SI – 12/12/2019 (Shift-I)**

**Ans.** (b) जिस प्रकार 'पत्तियाँ' सरसराहट की ध्वनि करती है। उसी प्रकार 'बारिश', टिप-टिप की ध्वनि करता है।

**387. उस विकल्प का चयन करें जिसमें शब्दों के बीच वही संबंध है जो दिए गए शब्दों के युग्म के बीच है।**

**कमल : फूल**

(a) फर्नीचर : लकड़ी (b) रियाल : मुद्रा
(c) धातु : तांबा (d) कागज़ : किताब

**SSC CPO-SI – 09/12/2019 (Shift-I)**

**Ans.** (b) जिस प्रकार कमल → फूल वर्ग के अन्तर्गत आता है उसी प्रकार रियाल → मुद्रा के अन्तर्गत आती है।

**388. उस विकल्प का चयन करें जिसमें शब्दों के बीच वही संबंध है जो दिए गए शब्दों के युग्म के बीच है।**

**खिलाड़ी : टीम**

(a) कक्षा : छात्र (b) फूल : गुलदस्ता
(c) अंगूर : दर्ज़न (d) बैंड : संगीतकार

**SSC CPO-SI – 11/12/2019 (Shift-II)**

**Ans.** (b) जिस प्रकार खिलाड़ियों से टीम का निर्माण होता है उसी प्रकार फूल से गुलदस्ते का निर्माण होता है।

**389. उस विकल्प का चयन करें जिसमें शब्द उसी तरह से संबंधित हैं जो संबंध दिए गए शब्दों के युग्म का है।**

**सेब : फल**

(a) राज्य : असम (b) गुलाब : लाल
(c) कप : तश्तरी (d) भिंडी : सब्जी

**SSC CPO-SI – 11/12/2019 (Shift-I)**

**Ans.** (d) जिस प्रकार, 'सेब', 'फल' का एक प्रकार है।
उसी तरह से 'भिंडी', 'सब्जी' का एक प्रकार है।

**390. उस विकल्प का चयन करें जिसमें शब्दों के बीच वही संबंध है जो दिए गए शब्दों के युग्म के बीच है।**

**सरपट : घोड़ा**

(a) भगदड़ : चूहा (b) दौड़ : शेर
(c) पक्षी : कंगारू (d) हाथी : मंथर चाल

**SSC CPO-SI – 12/12/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a)** जिस प्रकार 'सरपट', घोड़ा से सम्बन्धित है। उसी प्रकार 'भगदड़' चूहा से सम्बन्धित है।

**391. उस विकल्प का चयन करें जिसमें शब्दों के बीच वही संबंध है जो दिए गए शब्दों के युग्म के बीच है।**
**पहिया : आरा (तीली)**
(a) तारा : आकाशगंगा (b) घर : कमरा
(c) टेबल : कुर्सी (d) अध्याय : किताब
**SSC CPO-SI – 09/12/2019 (Shift-I)**

**Ans. (b)** जिस प्रकार ''पहिए'' का संबंध ''आरा (तीली) से है उसी प्रकार घर का संबंध ''कमरा'' से है।

**392. उस विकल्प का चयन करें जिसमें शब्द उसी तरह से संबंधित हैं जो संबंध दिए गए शब्दों के युग्म का है।**
**भोजन : रसोइयाँ**
(a) चित्रकार : चित्र (b) फिल्म : निर्माता
(c) किसान : खेत (d) हॉस्पिटल : डॉक्टर
**SSC CPO-SI – 09/12/2019 (Shift-II)**

**Ans. (b)** जिस प्रकार रसोइयाँ, भोजन बनाता है उसी प्रकार निर्माता फिल्म बनाता है।

**393. दिए गए विकल्पों में से उस शब्द युग्म का चयन कीजिए जिसके दोनों शब्द आपस में उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार नीचे लिखे गए शब्द युग्म के दोनों शब्द परस्पर संबंधित है–**
**पीतल : तांबा**
(a) निकेल : लोहा (b) क्रोमियम : चाँदी
(c) टांका : टिन (d) कांस्य : सोना
**SSC CGL (Tier-I) – 11/06/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'पीतल' में मुख्य धातु 'तांबा' है उसी प्रकार 'टांका' (Solder) में मुख्य धातु 'टिन' है।

**394. दिए गए विकल्पों में से उस शब्द युग्म का चयन कीजिए जिसके दोनों शब्द आपस में उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार नीचे लिखे गए शब्द युग्म के दोनों शब्द परस्पर संबंधित है।**
**दुर्घटना : चोट**
(a) आय : भ्रष्टाचार (b) किसान : मेहनत
(c) संक्रमण : रोग (d) पुलिस : जुर्माना
**SSC CGL (Tier-I) – 12/06/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'दुर्घटना' होने से चोट लगती है, उसी प्रकार संक्रमण होने से रोग फैलता है।

**395. निम्नलिखित विकल्पों में से उस शब्द युग्म का चयन कीजिए जिसके दोनों शब्द आपस में उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार नीचे दिये गये शब्द युग्म के दोनों शब्द परस्पर संबंधित है–**
**त्वचाविज्ञान : त्वचा**
(a) बालचिकित्सा : फेफड़े
(b) दवाई : उपचार
(c) हृदयरोग विज्ञान : एंजियोग्राफी
(d) ऑर्थोपैडिक्स : हड्डियाँ
**SSC CGL (Tier-I) – 12/06/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार त्वचा–विज्ञान में त्वचा का अध्ययन करते हैं, उसी प्रकार 'ऑर्थोपैडिक्स' में हड्डियों का अध्ययन किया जाता है।

**396. निम्नलिखित विकल्पों में से उस शब्द युग्म का चयन कीजिए जिसके दोनों शब्द आपस में उसी प्रकार संबंधित हैं, जिस प्रकार नीचे लिखे गए शब्द युग्म के दोनों शब्द परस्पर संबंधित है।**
**सूटकेस : सामानघर**
(a) वेतन : उधार (b) कुर्सी : फर्नीचर
(c) थैला : सामान (d) धन : बैंक
**SSC CGL (Tier-I) – 12/06/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'सूटकेस' में व्यक्ति अपना 'सामान' रखता है तो उसे सामानघर कहते हैं। उसी प्रकार व्यक्ति अपना 'धन', बैंक में रखता है।

**397. दिए गए विकल्पों में से उस शब्द युग्म का चयन कीजिए, जिसके दोनों शब्द आपस में उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार नीचे लिखे गए शब्द युग्म के दोनों शब्द परस्पर संबंधित हैं।**
**गंदा : घिनौना**
(a) शर्मीला : डरपोक
(b) उज्ज्वल : सूर्य का प्रकाश
(c) प्यारा : बच्चा
(d) निपुण : अद्वितीय
**SSC CGL (Tier-I) – 13/06/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'गंदा' (dirty) का संबंध 'घिनौना' (Filthy) से है, उसी प्रकार, शर्मीला (shy) का संबंध 'डरपोक' (Timid) से है।

**398. निम्नलिखित दिए गए विकल्पों में से उस शब्द युग्म का चयन कीजिए जो आपस में उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार नीचे लिखे गए शब्द युग्म आपस में संबंधित है।**
**प्रतिरोध : ओम**
(a) दाब : दाबमापी (b) समय : घड़ी
(c) तापमान : थर्मामीटर (d) लंबाई : मीटर
**SSC CGL (Tier-I) – 13/06/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'प्रतिरोध' का मात्रक 'ओम' होता हैं, उसी प्रकार 'लम्बाई' का मात्रक 'मीटर' होता हैं।

**399. दिए गए विकल्पों में से उस शब्द युग्म का चयन कीजिए जिसके दोनों शब्द आपस में उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार नीचे लिखे गए शब्द युग्म के शब्द आपस में संबंधित है:**
**मौसम : शीत**
(a) ग्रीष्म : पतझड़ (b) वर्ष : शताब्दी
(c) माह : अप्रैल (d) सप्ताह : कैलेण्डर
**SSC CGL (Tier-I) – 10/06/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c)** जिस प्रकार 'शीत ऋतु' मौसम से सम्बन्धित है उसी प्रकार 'अप्रैल' माह (महीने) से सम्बन्धित होता है।

**400. निम्नलिखित दिए गए विकल्पों में से उस शब्द युग्म का चयन कीजिए जो आपस में उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार नीचे लिखे गए शब्द युग्म आपस में संबंधित है।**

**वस्तु-विनिमय : वस्तुएं**

(a) उपचार : रोग (b) पत्र-व्यवहार : पत्र
(c) आवागमन : ट्रैफिक (d) वाद-विवाद : चर्चा

**SSC CGL (Tier-I) – 10/06/2019 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार ''वस्तु-विनियम'' में वस्तुओं का (अदान–प्रदान) किया जाता है, उसी प्रकार पत्र-व्यवहार में पत्रों का विनियम होता है।

**401. निम्नलिखित विकल्पों में से शब्द युग्म का चयन कीजिए जिसके दोनों शब्द आपस में उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार नीचे लिखे गए शब्द युग्म के दोनों शब्द परस्पर संबंधित हैं।**

**अखरोट : अंजीर**

(a) हल्दी : मसाले (b) हींग : काजू
(c) बादाम : मेवा (d) किशमिश : खुबानी

**SSC CGL (Tier-I) – 11/06/2019 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार अखरोट का सम्बन्ध 'अंजीर' से है उसी प्रकार 'किशमिश' का सम्बन्ध 'खुबानी' से है।

**402. निम्नलिखित दिए गए विकल्पों में से उस शब्द युग्म का चयन कीजिए जो आपस में उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार नीचे लिखे गए शब्द युग्म के दोनों शब्द आपस में संबंधित हैं।**

**उदासीनता : उत्साह**

(a) संधि : मित्रता (b) युद्ध : हमला
(c) नामांकन : सेवायोजन (d) निंदा : आदर

**SSC CGL (Tier-I) – 06/06/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'उदासीनता' का विपरीत शब्द 'उत्साह' है उसी प्रकार 'निंदा' का विपरीत शब्द 'आदर' होता है।

**403. निम्नलिखित दिए गए विकल्पों में से उस शब्द युग्म का चयन कीजिए जो आपस में उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार नीचे लिखे गए शब्द युग्म आपस में संबंधित है–**

**स्मृति सहायक : स्मृति**

(a) श्रोता : भाषण (b) नाटक : अभिनय
(c) स्वर–परीक्षण : संगीत (d) शामक : निद्रा

**SSC CGL (Tier-I) – 07/06/2019 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार स्मृति सहायक, (Mnemonic) स्मृति (Memory) बढ़ाते हैं उसी प्रकार शामक, (Sedative) निद्रा (Sleep) को बढ़ाते है।

**404. निम्नलिखित दिए गए विकल्पों में से उस शब्द युग्म का चयन कीजिए जो आपस में उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार नीचे लिखे गए शब्द युग्म आपस में संबंधित हैं।**

**सहलाना : प्रेम**

(a) अपराध : स्वीकारोक्ति (b) क्रोध : भावना
(c) लात मारना : दुश्मनी (d) साक्षात्कार : चयन

**SSC CGL (Tier-I) – 07/06/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** जिस प्रकार 'सहलाना', 'प्रेम' का प्रतीक हैं, उसी प्रकार 'लात मारना', 'दुश्मनी' का प्रतीक है।

**405. निम्नलिखित दिए गए विकल्पों में से उस शब्द युग्म का चयन कीजिए जो आपस में उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार नीचे लिखे गए शब्द युग्म आपस में संबंधित हैं:**

**दुख : सांत्वना**

(a) खुशी : उत्तेजना (b) सूखा : अकाल
(c) ग्रह : परिक्रमण (d) दर्द : शामक

**SSC CGL (Tier-I) – 07/06/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार दुख में सांत्वना दी जाती है, उसी प्रकार दर्द में शामक (दवा) दी जाती है।

**406. उस शब्द युग्म का चयन करें, जिसमें दो शब्द उसी तरह से संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित शब्द–युग्म में दो शब्द संबंधित हैं–**

**मुम्बई : राजधानी**

(a) न्यूयॉर्क : चीन (b) येन : मुद्रा
(c) पहाड़ी : ऊँची (d) दिल्ली : ताजमहल

**SSC CHSL (Tier-I) –10/07/2019 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार मुम्बई एक राजधानी है उसी प्रकार येन एक प्रकार की मुद्रा है।

**407. उस शब्द-युग्म को चुनें जिनमें दो शब्द उसी तरह संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित शब्द-युग्म में दो शब्द संबंधित हैं।**

**कागज़ : कलम**

(a) दही : दूध (b) लकड़ी : मेज़
(c) चाक : डस्टर (d) श्यामपट्ट : चाक

**SSC CHSL (Tier-I) –10/07/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'कागज़' पर 'कलम' से लिखा जाता है, उसी प्रकार 'श्यामपट्ट' पर 'चाक' से लिखा जाता है।

**408. उस शब्द–युग्म का चयन करें जिसमें दो शब्द उसी तरह से संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित शब्द–युग्म में दो शब्द संबंधित है–**

**शुतुरमुर्ग : चील**

(a) हंस : शेर (b) मुर्गी : बकरी
(c) व्हेल : कनकैया (काइट) (d) गाय : हाथी

**SSC CHSL (Tier-I) –11/07/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार शुतुरमुर्ग एवं चील पक्षी वर्ग के जीव हैं, उसी प्रकार दिये गये विकल्पों में गाय एवं हाथी स्तनधारी वर्ग के जीव हैं।

**409. उस शब्द–युग्म को चुनें जिसमें दो शब्द उसी तरह से संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित शब्द–युग्म में दो शब्द संबंधित हैं–**

**सीमेंट : इमारत**

(a) पेन : पेंसिल (b) तार : बिजली
(c) पुस्तक : लेखक (d) लकड़ी : फर्नीचर

**SSC CHSL (Tier-I) –11/07/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d):** जिस प्रकार 'सीमेंट' इमारत बनाने में सहायक होती है, उसी प्रकार 'लकड़ी' 'फर्नीचर' बनाने में सहायक होती है।

**410. दिए गए विकल्पों में से उस शब्द युग्म का चयन कीजिए जिसके दोनों शब्द आपस में उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार नीचे लिखे गए शब्द युग्म आपस में संबंधित है।**

**भौ चढ़ाना : नाराजगी**

(a) मुस्कान : परमानंद (b) पागलपन : बीमारी
(c) हँसी : हास्य (d) शोक : दुख

**SSC CGL (Tier-I) – 04/06/2019 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार भौं चढ़ाना, नाराजगी का संकेत है, उसी प्रकार मुस्कान, परमानंद (परम-आनंद) का संकेत है।

**411. दिए गए विकल्पों में से उस शब्द युग्म का चयन कीजिए जिसके दोनों शब्द आपस में उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार नीचे लिखे गए शब्द युग्म के शब्द आपस में संबंधित है।**

**ऊष्मा : सूर्य**

(a) घर : छत (b) विटामिन : फल
(c) वातावरण : आर्द्रता (d) सवारी : कार

**SSC CGL (Tier-I) – 04/06/2019 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** जिस प्रकार सूर्य, ऊष्मा का स्त्रोत है उसी प्रकार फल, विटामिन के स्त्रोत हैं।

**412. दिए गए विकल्पों में उस शब्द युग्म का चयन कीजिए जिसके दोनों शब्द आपस में उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार नीचे लिखे गए शब्द युग्म के शब्द आपस में संबंधित है।**

**पुस्तक : ज्ञानकोश**

(a) सरीसृप : अजगर (b) टेनिस : बॉल
(c) वृक्ष : वन (d) फर्नीचर : लकड़ी

**SSC CGL (Tier-I) – 04/06/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'पुस्तक' का सम्बन्ध 'ज्ञानकोश' से है उसी प्रकार 'सरीसृप' का सम्बन्ध 'अजगर' से है।

**413. निम्नलिखित दिए गए विकल्पों में से उस शब्द युग्म का चयन कीजिए जो आपस में उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार नीचे लिखे गए शब्द युग्म आपस में संबंधित है–**

**लेखक : पुस्तक**

(a) सरीसृप : रेंगना (b) डॉक्टर : दवाई
(c) माँ : पुत्र (d) मकड़ी : जाल

**SSC CGL (Tier-I) – 06/06/2019 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार 'पुस्तक', 'लेखक' द्वारा लिखी जाती है, उसी प्रकार 'जाल', मकड़ी द्वारा बुना जाता है।

**414. उस शब्द–युग्म का चयन करें जिसमें दो शब्द उसी तरह से संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित शब्द–युग्म में दो शब्द संबंधित हैं–**

**कछुआ : सरीसृप**

(a) साँप : जलथल चर (b) मकड़ी : सरीसृप
(c) शार्क : उभयचर (d) शंबूक : मोलस्क

**SSC CHSL (Tier-I) –09/07/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार कछुआ सरीसृप संघ का प्राणी है, उसी प्रकार शंबूक मोलस्का संघ का प्राणी है।

**415. उस विकल्प का चयन करें, जिसमें शब्दों का आपस में वही संबंध है, जो संबंध नीचे दिये गये शब्द युग्म के शब्दों के बीच है।**

**धमनियाँ : परिसंचरण तंत्र**

(a) फेफड़े : श्वसन तंत्र
(b) आँखे : अन्त: स्रावी तंत्र
(c) गुर्दा : घ्राण तंत्र
(d) तंत्रिकाएँ : तंत्रिका तंत्र

**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 09/03/2020 (Shift-III)**

**Ans. (d)** जिस प्रकार धमनियाँ परिसंचरण तंत्र में काम करती हैं उसी प्रकार तंत्रिकाएँ तंत्रिका तंत्र में काम करती है।

**416. उस विकल्प का चयन करें, जिसमें शब्दों का आपस में वही संबंध है, जो संबंध नीचे दिए गए शब्द-युग्म के शब्दों के बीच है।**

**मंदिर : पूजा**

(a) चर्च : प्रार्थना (b) स्वर्ण मंदिर : अमृतसर
(c) उद्यान : पौधे (d) विश्वविद्यालय : अध्यक्ष

**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 09/03/2020 (Shift-II)**

**Ans. (a)** जिस प्रकार मंदिर में (हिन्दुओं के लिए) पूजा की जाती है उसी प्रकार चर्च में (ईसाइयों के लिए) प्रार्थना की जाती है।

**417. उस विकल्प का चयन करें, जिसमें शब्दों का आपस में वही संबंध है, जो संबंध नीचे दिए गए शब्द-युग्म के शब्दों के बीच है।**

**ऑडिशन : चयन**

(a) प्रतियोगिता : कविता (b) मशीन : दोष
(c) परीक्षा : उत्तीर्ण (d) निष्ठा : कपट

**SSC CGL (Tier-I)-2019 – 09/03/2020 (Shift-I)**

**Ans. (c)** जिस प्रकार, प्रतिभागी चयन होने के लिए ऑडिशन देते हैं उसी प्रकार विद्यार्थी उत्तीर्ण होने के लिए परीक्षा देते हैं।

**418. उस शब्द-युग्म का चयन करें जिसमें दो शब्द उसी तरह से संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित शब्द-युग्म में दो शब्द संबंधित हैं।**

**व्यायाम : स्वस्थता**

(a) उपचार : स्वास्थ्य लाभ (b) शौक : इंटरनेट
(c) एकता : युद्ध (d) शिक्षा : संस्थान

**SSC CHSL (Tier-I) –08/07/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** जिस प्रकार 'व्यायाम' करने से शरीर 'स्वस्थ' रहता है। उसी प्रकार 'उपचार' करने से शरीर में उत्पन्न बीमारी से स्वास्थ्य को लाभ होता है।

**419. उस शब्द-युग्म का चयन करें जिसमें दो शब्द उसी तरह से संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित शब्द-युग्म में दो शब्द संबंधित हैं।**

**महत्वपूर्ण : आवश्यक**

(a) कभी नहीं : हमेशा (b) ऊपर : नीचे
(c) लेना : छोड़ना (d) भयंकर : डरावना

**SSC CHSL (Tier-I) –09/07/2019 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** जिस प्रकार महत्वपूर्ण और आवश्यक दोनों समानार्थी शब्द है, उसी प्रकार भयंकर और डरावना भी समानार्थी शब्द है।